यह सलाह दी थी कि मैंने रात-दिन मेहनत करके भारतीय संविधान में आपको जिन्दगी के हर पहलू में आगे बढ़ने के लिए, अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए कानूनी अधिकार तो दिला दिए हैं, लेकिन अब इसका लाभ आपको मिल पाएगा या नहीं मिल पाएगा, इसके बारे में मुझे शक है। बाबा साहेब डा. अम्बेडकर के जीते जी ही उन्होंने यह महसूस किया कि भारतीय संविधान में वीकर सेक्शंस के हित में जो कानून बनाए गए थे, उनका पूरा लाभ उनको नहीं मिल पा रहा था। फिर बाबा साहेब डा. अम्बेडकर ने दुखी होकर अपने लोगों को यह सलाह दी थी कि मैंने आप लोगों के हितों में कानून तो बना दिए हैं, यदि आप लोग इन कानूनों का पूरा लाभ उठाना चाहते हैं, तो मेरी आप लोगों को यह सलाह है कि आप लोगों को फिर अलग से अपनी राजनीतिक पार्टी बना कर और सत्ता अपने हाथों में लेकर, पॉलिटिकल पावर की 'मास्टर की' अपने हाथों में लेकर इन कानूनों को खुद आप लोगों को लागू करना होगा और अपने लोगों को इसका फायदा पहुँचाना होगा। बाबा साहेब डा. अम्बेडकर ने राजनीतिक सत्ता की मास्टर चाबी के महत्व के बारे में भी अपने लोगों को यह समझाया कि पॉलिटिकल पावर एक 'मास्टर की' है और यदि इस 'मास्टर की' को दबे-कुचले लोग अपने हाथों में ले लेते हैं, तो फिर इस 'मास्टर की' के माध्यम से भारतीय संविधान में मैंने इन वर्गों के लोगों को जो कानूनी अधिकार दिए हैं, इनका पूरा लाभ ये लोग अपने समाज के लोगों को, वीकर सेक्शंस के लोगों को पहुँचा सकते हैं। इसका सही मायने में एहसास हमने उत्तर प्रदेश में बीएसपी की सरकार बनाने पर किया है। उत्तर प्रदेश में बीएसपी की सरकार बनने पर हमने वहां विभिन्न स्तर पर बाबा साहेब डा. अम्बेडकर को पूरा-पूरा आदर-सम्मान दिया है। इसके साथ ही उनके बताए हुए रास्तों पर चल कर हमने वहां "सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय" की सरकार भी चलाई है, अर्थात् हमने उत्तर प्रदेश में भारतीय संविधान की मंशा के मुताबिक ही धर्म, जाति व दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर वहां सर्व समाज में से, खास कर गरीबों, दलितों, पिछड़ों, मुस्लिम व अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों के साथ-साथ किसानों, मजदूरों, कर्मचारियों, व्यापारियों एवं अन्य पेशों में लगे लोगों के हितों के हिसाब से ही आम जनहित की सरकार चलाई है। इसके साथ ही हमने वहां सभी जाति व धर्मों के जान-माल व मजहब की भी पूरी ईमानदारी व निष्ठा से हिफाजत की है। इतना ही नहीं, हमने विकट परिस्थितियों में भी भारतीय संविधान को ध्यान में रख कर वहां पर कोई सांप्रदायिक तनाव पैदा नहीं होने दिया। मैंने विकट परिस्थिति इसलिए कहा है कि जब उत्तर प्रदेश में चौथी बार मेरे नेतृत्व में सरकार बनी, तो उत्तर प्रदेश में मेरी हुकूमत के दौरान अयोध्या में राम जन्म भूमि-बाबरी मस्जिद का जो विवादित मामला है, इसके ऊपर उत्तर प्रदेश की इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच में काफी बहस हुई और इस मामले में जब उसने फैसला रिजर्व कर लिया और जिस तारीख को कोर्ट फैसला सुनाने वाली थी, तो फैसला आने से पहले पूरे उत्तर प्रदेश को छोड़ कर देश के अन्य राज्यों में हालात ऐसे बन गए थे, जैसे इमरजेंसी लग गई हो। उत्तर प्रदेश को छोड़ कर देश के अधिकांश राज्यों में स्कूल, कॉलेज, दफ्तर, सब बंद कर दिए गए थे कि कहीं हालात न खराब हो जाएँ, लेकिन माननीय सभापति जी, मैं आपको बताना चाहती हूँ कि पूरे देश के अन्दर उत्तर प्रदेश एक ऐसा राज्य था, हालांकि यह मामला उत्तर प्रदेश से जुड़ा हुआ था, लेकिन मैंने उस मौके पर वहां कानून-व्यवस्था को बिगड़ने नहीं दिया। न कोई कॉलेज बंद होने दिया, न दफ्तर बंद होने दिया, हालात को काबू में रखा। जो भी फैसला आया, हालात को बिगड़ने नहीं दिया, हालांकि उस फैसले के बाद फिर यह मामला सुप्रीम कोर्ट में चला गया। कहने का तात्पर्य यह है कि मैंने अपनी हुकूमत के दौरान विकट परिस्थितियों में भी वहां पर हालात

को बिगड़ने नहीं दिया, कानून-व्यवस्था को हमने चुस्त व दुरुस्त बना कर रखा, लेकिन वहां की सभी विरोधी पार्टियों ने, चूंकि यह अच्छी गवर्नमेंट थी, वहां की सभी विरोधी पार्टियों ने अंदर ही अंदर आपस में मिलकर अपने-अपने राजनैतिक स्वार्थ में इसे फिर आगे कामयाब नहीं होने दिया। इतना ही नहीं, बल्कि मुझे भी व्यक्तिगत तौर पर भी इसका काफी ज्यादा नुकसान उठाना पड़ा।

माननीय सभापति जी, इस संदर्भ में मैं यह कहना चाहती हूँ कि सन् 2002 में तीसरी बार जब मेरे नेतृत्व में वहां सरकारी बनी थी, बीएसपी को एब्सोल्यूट मेजोरिटी तो नहीं मिली थी, बीजेपी के साथ मिलकर यह कोअलिशन गवर्नमेंट बनी थी और जब मैंने उत्तर प्रदेश में बाबा साहेब डा. अम्बेडकर ने जो भारतीय संविधान बनाया है, उसके मुताबिक वहां की सरकार को चलाया, भारतीय संविधान की मंशा के मुताबिक मैंने वहां सरकार चलाई, तो वहां पर जो बीजेपी हमारी सरकार में थी, उस बीजेपी में खासतौर पर जो हिन्दूवादी मानसिकता के लोग हैं, उनको यह सब अच्छा नहीं लगा। क्योंकि बीजेपी मेरी सरकार में अपना एजेंडा लागू करना चाहती थी। जो उनका हिन्दूवादी एजेंडा था, उसको वह लागू करना चाहती थी, तो मैंने अपनी गवर्नमेंट में उनको यह कहा कि कोअलिशन गवर्नमेंट है, लेकिन मैं आपका हिन्दूवादी एजेंडा अपनी सरकार में लागू नहीं होने दूंगी। नतीजा क्या हुआ? मेरे ऊपर बहुत दबाव डाला गया, मुझे यहां तक भी कहा गया कि यदि आपने हमारा हिन्दूवादी एजेंडा नहीं माना, उसके हिसाब से सरकार नहीं चलाई, तो हम आप से समर्थन वापस ले लेंगे और दूसरी पार्टी को सत्ता में बैठा देंगे। मैंने कहा कि ठीक है, आपको यह तकलीफ नहीं उठानी पड़ेगी और फिर मैंने खुद ही 25 अगस्त, 2003 को मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया। मैंने भारतीय संविधान को ध्यान में रखकर यह फैसला लिया था कि जब तक मैं सत्ता में रहूंगी, भारतीय संविधान की मंशा के अनुसार ही सरकार चलाऊंगी। बीजेपी का जो हिन्दूवादी एजेंडा था, उसके हिसाब से मैं सरकार नहीं चलाऊंगी, तो मैंने इस्तीफा दे दिया। नतीजा क्या हुआ? माननीय सभापति जी, मैं आपको बताना चाहती हूँ कि उस समय केंद्र में श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में सरकार चल रही थी। जब मैंने इस्तीफा दे दिया तो मुझे उसका इतना नुकसान उठाना पड़ा कि 'ताज-प्रकरण' मामले में सीबीआई का दुरुपयोग करके मुझे फर्जी फंसाया गया, लेकिन मैं आपको यह भी कहना चाहती हूँ कि दुख मुझे इस बात का है कि जब बीजेपी सत्ता से बाहर हो गई और कांग्रेस पार्टी सत्ता में आ गई तो उन्होंने भी इस मामले को लटका कर रखा। मैं माननीय सुप्रीम कोर्ट का थैंक्स अदा करती हूँ कि माननीय सुप्रीम कोर्ट से मुझे इस मामले में न्याय मिला और इतना ही नहीं, मैं उत्तर प्रदेश की जनता का भी आभार प्रकट करती हूँ कि उत्तर प्रदेश की जनता को यह सब अच्छा नहीं लगा और जब सन् 2007 में उत्तर प्रदेश में विधान सभा के आम चुनाव हुए तो उत्तर प्रदेश की जनता ने मुझे एब्सोल्यूट मेजॉरिटी के आधार पर वहां सत्ता में बैठाया। इतना ही नहीं, अब जब केंद्र में फिर से बीजेपी के नेतृत्व में सरकार बनी है और जब उत्तर प्रदेश में चुनाव होने के लिए मुश्किल से एक, सवा साल का समय रह गया है और इनको लगा कि बीएसपी वहां मजबूत हो रही है, चूंकि केंद्र में बीजेपी के नेतृत्व में सरकार चल रही है तो फिर से भारतीय जनता पार्टी ने, चूंकि मेरे सत्ता से हटने के बाद चार साल तक NRHM मामले में मेरे खिलाफ इनको कोई सबूत नहीं मिले, लेकिन उत्तर प्रदेश में चुनाव के लिए जब लगभग एक, सवा साल रह गया और इनको लगा कि बीएसपी मजबूत हो रही है, तो केंद्र की सरकार ने दुबारा से वही गलती की, जो इन्होंने 'ताज प्रकरण' वाले मामले में की थी। एनआरएचएम मामले में केंद्र की सरकार के द्वारा सीबीआई का दुरुपयोग करके मुझे इसमें फर्जी फंसाया जा रहा है। मैं केंद्र की सरकार

[सुश्री मायावती]

से यह कहना चाहती हूं कि इस बार भी आपका वही हाल होने वाला है, जो सन् 2007 में हुआ था। आप लोगों ने सीबीआई का दुरुपयोग किया है। मेरा कसूर केवल इतना ही था कि मैं बाबा साहेब डा. अम्बेडकर की मूवमेंट के मुताबिक गवर्नमेंट चला रही थी, जिसको बीजेपी के लोग पसन्द नहीं कर रहे थे। मेरे कहने का तात्पर्य यह है कि बाबा साहेब डा. अम्बेडकर की मूवमेंट को आगे बढ़ाने के लिए मुझे काफी नुकसान उठाना पड़ा है, लेकिन मैं आपको बताना चाहूंगी कि इन सब अड़चनों, हथकंडों व षड्यंत्रों के बावजूद भी मैं बाबा साहेब डा. अम्बेडकर की मूवमेंट व उनकी संवैधानिक सोच को पूरे जी-जान से आगे बढ़ाती रहूंगी, यही विरोधियों को मेरा चैलेंज है।

महोदय, भारतीय संविधान की मंशा के मुताबिक सरकार चलाने के मामले में उत्तर प्रदेश में रही बीएसपी की सरकार को छोड़कर, केंद्र व देश के अधिकांश राज्यों की सरकारों की कार्य-प्रणाली की अभी तक की सच्चाई यह रही है कि उन्होंने भारतीय संविधान की मंशा को, खासकर दलितों, पिछड़ों व अन्य कमजोर तबकों के मामले में अभी तक 30% आरक्षण को भी पूरा नहीं किया है। बाबा साहेब ने संविधान के सम्बन्ध में ठीक ही कहा था, जिसका इग्ज़ाम्पल सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों तरफ से दिया भी गया है कि किसी भी देश का संविधान कितना भी बढ़िया क्यों न हो, यदि उसे लागू करने वाले शासनकर्ताओं की नीयत साफ नहीं है, तो वह बढ़िया संविधान भी जरूर फेल हो जाएगा, अर्थात् कामयाब नहीं हो सकेगा। आज अपने देश में इन वर्गों के मामले में हमें खास तौर पर यही देखने को मिल रहा है। हालांकि बाबा साहेब ने हर मामले में अपने देश के संविधान को काफी बेहतरीन बनाया है, लेकिन इसे लागू करने वालों की नीयत साफ न होने की वजह से यहां खासकर दलितों, आदिवासियों व अन्य पिछड़े वर्गों की सामाजिक व आर्थिक स्थिति में अभी तक कोई खास सुधार नहीं आया है।

(**उपसभापति महोदय** *पीठासीन हुए*)

इसकी मुख्य वजह यह रही है कि इन तीनों वर्गों के लोग, अर्थात् दलित, आदिवासी व अन्य पिछड़े वर्गों के लोग, पहले हिन्दू धर्म में व्याप्त वर्ण व्यवस्था के मुताबिक चौथे वर्ण में आते थे, जिनको इस व्यवस्था में सभी अधिकारों से वंचित रखा गया था। इन्हें ऊपर के तीनों उच्च वर्णों के लोगों ने हर मामले में अपना गुलाम व लाचार बनाकर रखा, लेकिन बाबा साहेब के अथक प्रयासों के कारण, भारतीय संविधान के माध्यम से इस गैर-बराबरी वाली सामाजिक व्यवस्था को दरकिनार कर दिया गया, किन्तु संविधान लागू होने के बाद, केंद्र व राज्यों की अधिकांश सत्ता इन्हीं तीन उच्च वर्णों की मनुवादी सोच रखने वाले लोगों के हाथों में आ गई, जिसकी वजह से अभी तक इन्हें भारतीय संविधान में मिले कानूनी अधिकारों का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। इन वर्गों के प्रति इनकी हीन व जातिवादी मानसिकता आज तक भी पूरे तौर से नहीं बदली है, जिसके कारण आज भी इन्हें सरकारी नौकरियों में आरक्षण का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। कांग्रेस पार्टी के राज में तो विशेष तौर पर दलित वर्ग के लोगों के मामले में कभी भी सरकारी नौकरियों में आरक्षण का कोटा पूरा नहीं किया गया था और वर्तमान सरकार में भी हमें यही स्थिति देखने को मिल रही है। इतना ही नहीं, बरसों से इन वर्गों के लोगों को पदोन्नति में जो आरक्षण मिल रहा था, उसे भी पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार के द्वारा निष्प्रभावी बना दिया गया। इस बात से पूरा सदन अवगत है कि जब कुछ लोग पदोन्नति में आरक्षण के खिलाफ कोर्ट में गए और जब यह मामला माननीय सुप्रीम कोर्ट में गया, उस समय केंद्र में कांग्रेस पार्टी की

सरकार थी। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र की कांग्रेस सरकार को भी इसमें एक पार्टी बनाया था। उस समय माननीय सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से यह कहा कि यदि आपको कुछ कहना है तो आप बोलिए... लेकिन उस समय केंद्र में कांग्रेस पार्टी की सरकार ने अच्छा वकील नहीं किया और इस केस की ठीक ढंग से पैरवी नहीं की, जिसकी वजह से पदोन्नति में आरक्षण का जो मामला है, उसमें माननीय सुप्रीम कोर्ट ने कुछ ऐसी शर्तें लगा दीं, जिनकी वजह से पदोन्नति में आरक्षण को खत्म तो नहीं किया गया, लेकिन इसमें कुछ ऐसी शर्तें लगा दी गई थीं, जिनकी वजह से इनका यह आरक्षण निष्प्रभावी हो गया। जब माननीय सुप्रीम कोर्ट का यह डिसीजन आया और उस डिसीजन को जब मैंने पढ़ा तो उसके बाद मुझे ऐसा लगा कि जो खास तौर से दलित वर्ग के कर्मचारी हैं, उनके साथ यह बहुत बड़ा अन्याय हो रहा है और यदि इसमें केंद्र की सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया तो इनको बड़ा भारी नुकसान हो जायेगा। तो उस समय हमारी पार्टी ने संसद में, लोक सभा और राज्य सभा, दोनों में इस मामले को उठाया और सरकार से उस समय यह रिक्वेस्ट की थी कि इसमें जो भी कुछ अड़चनें या जो भी कुछ शर्तें लगा दी गई हैं, उनको भारतीय संविधान में संशोधन के जरिए दूर किया जाए। जब राज्य सभा में यह मामला आया तो इसको लेकर बड़ा हंगामा हुआ। राज्य सभा में तो पदोन्नति में आरक्षण का यह जो मामला है, इसमें जो शर्तें माननीय सुप्रीम कोर्ट ने लगायी थीं, उनको दूर करने के लिए और दलित कर्मचारियों को इसका पूरा लाभ मिल सके, इसके लिए राज्य सभा में तो इस मामले में संवैधानिक संशोधन विधेयक पास हो गया, लेकिन लोक सभा में यह लटक गया। अब केंद्र में बीजेपी के नेतृत्व में सरकार चल रही है और अब इस मामले में वर्तमान भाजपा सरकार भी शान्त बैठी हुई है। यह इस मामले में कोई भी कदम उठाने के लिए तैयार नहीं है, जबकि लोक सभा में इनका बहुमत है। इतना ही नहीं, वर्तमान में भाजपा के नेतृत्व में जो केंद्र की सरकार चल रही है, इसने प्राइवेट सेक्टर में आरक्षण की व्यवस्था किये बिना ही अपनी सरकार के महत्वपूर्ण मंत्रालयों के बड़े-बड़े सरकारी कार्य प्राइवेट सेक्टर को ही देकर अब इनके आरक्षण को ही काफी हद तक कम कर दिया है। यह भी इनके आरक्षण के मामले में एक बहुत बड़ी साजिश वर्तमान केंद्र की सरकार की चल रही है। अब इसकी आड़ में ये लोग बड़े-बड़े पूँजीपतियों व धन्ना सेठों को बड़े पैमाने पर फायदा पहुँचा रहे हैं, जिनकी आर्थिक मदद से यह पार्टी केंद्र व राज्यों की सत्ता पर आसीन होती है। इसके साथ ही इनके एजेंडे को निर्धारित करने वाली इनकी एक संस्था के मुखिया ने अभी कुछ दिन पहले इन वर्गों के आरक्षण को लेकर यहां तक कह दिया कि आरक्षण की समीक्षा करने की जरूरत है और इसकी जो समीक्षा है, यह किसी गैर राजनीतिक संगठन द्वारा की जानी चाहिए। उन्होंने यहां तक कहक दिया, लेकिन इसका जबरदस्त विरोध होने की वजह से फिर उनको यह फैसला वापस लेना पड़ा, लेकिन फिर भी मैं इस ऐतिहासिक मौके पर केंद्र की भाजपा सरकार को यह चेतावनी देना चाहती हूँ कि यदि केंद्र की सरकार ने आगे किसी भी प्रकार से इन वर्गों के आरक्षण को खत्म करने की कोशिश की तो फिर मैं खुद भी शांत बैठने वाली नहीं हूँ, अर्थात् फिर मैं अपने लोगों के साथ खुद सड़कों पर उतर कर वर्तमान केंद्र की सरकार की इस कोशिश को कभी भी पूरा नहीं होने दूँगी। ...(**व्यवधान**)... इसके अलावा, खास कर ...(**व्यवधान**)...

श्री रामदास अठावले (महाराष्ट्र): सर ...(**व्यवधान**)...

सुश्री मायावती: इसके अलावा खास कर दलितों की सुरक्षा ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Don't do this. ...(*Interruptions*)... अठावले जी, आप बैठिए। ...(**व्यवधान**)... अठावले जी, आप प्लीज़ बैठिए। ...(**व्यवधान**)... ऐसे डिस्टर्ब मत कीजिए। ...(**व्यवधान**)... Mr. Athawale, please. ...(*Interruptions*)... अठावले जी, आप बैठिए। ...(**व्यवधान**)... आप प्लीज़ बैठिए।

सुश्री मायावतीः माननीय उपसभापति जी, इसके अलावा खास कर दलितों की सुरक्षा व इनके स्वाभिमान के मामले में केंद्र की पूर्व की सरकारों की तरह, केंद्र की वर्तमान भाजपा सरकार की भी संविधान के प्रति हमें ऐसी प्रतिबद्धता देखने के लिए मिल रही है कि इस सरकार के एक मंत्री श्री वी.के. सिंह ने फरीदाबाद के दलित कांड को लेकर जिस प्रकार की अभद्र भाषा का इस्तेमाल करके, जो पूरे देश के दलितों का अपमान किया है, वह भी कतई बर्दाश्त करने व माफ करने लायक नहीं है। इसलिए इस प्रकरण में मेरा केंद्र की सरकार से यह कहना है कि यदि सरकार वास्तव में संविधान के प्रति पूरी ईमानदारी से प्रतिबद्ध है, तो फिर सरकार को इन्हें तुरन्त ही बर्खास्त करके इनको जेल की सलाखों के पीछे भेजना चाहिए, जहां इनकी असली जगह है, अर्थात् ऐसे लोगों की जगह संसद में नहीं, बल्कि जेल के अन्दर होनी चाहिए, ऐसा हमारी पार्टी का इस किस्म के लोगों के बारे में मानना है। इतना ही नहीं, खासकर भाजपा शासित राज्यों में तो दलितों का आज भी हर स्तर पर बड़े पैमाने पर उत्पीड़न हो रहा है। इसके साथ ही सरकार दलितों को न्याय देने के बजाए इनके शोषणकर्ताओं को ही बचाने में लगी हुई नजर आती है। इस बात का ताजा-ताजा उदाहरण यह है कि दिल्ली से लगे हरियाणा प्रदेश में एक दलित महिला आई.पी.एस. अधिकारी का इस सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री द्वारा जिस प्रकार से उत्पीड़न किया जा रहा है, वह कतई भी उचित और न्यायसंगत नहीं है। ऐसी स्थिति में केंद्र की सरकार को वहां तुरन्त ही दखल देकर संबंधित दलित महिला अधिकारी को उनके साथ हो रहे उत्पीड़न से उनको जरूर बचाना चाहिए, वरना आगे चलकर इसके काफी गंभीर दुष्परिणाम हो सकते हैं। इसी प्रकार हमें देश में मुस्लिम व अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों की भी स्थिति कोई खास अच्छी नजर नहीं आती है, जिसका खुलासा सच्चर कमेटी की रिपोर्ट में किया गया है, जबकि बाबा साहेब डा. अम्बेडकर ने इन धर्मों के लोगों के हितों को भी ...(**समय की घंटी**)... सर, बहुत जरूरी बात मुझे रखनी है, मैं आपसे रिक्वेस्ट करना चाहती हूं।

श्री सतीश चंद्र मिश्रा (उत्तर प्रदेश) : अभी तो कल भी यह कंटीन्यू होना है।

सुश्री मायावती : जबकि बाबा साहेब ने इन धर्मों के लोगों के हितों को भी ध्यान में रखकर संविधान का निर्माण धर्मनिरपेक्षता के आधार पर बनाने के साथ-साथ इनकी तरक्की व इनके जान-माल व मज़हब के हिफाजत की भी पूरी जिम्मेदारी केंद्र व राज्य सरकारों के ऊपर डाली थी। लेकिन दुख की बात यह है कि केंद्र में कांग्रेस पार्टी के शासनकाल की तरह वर्तमान बी.जे. पी. के शासन काल में भी इस मामले में कोई खास पहल नहीं की जा रही है। खासकर वर्तमान केंद्र की सरकार में तो इन सभी धार्मिक अल्पसंख्यक समाज के लोगों की स्थिति हर मामले में हमें अब बहुत ज्यादा खराब नजर आती है। इसके साथ ही इस सरकार में, इस समय देश में जो बड़े पैमाने पर असहनशीलता व उग्रता का वातावरण व्याप्त है, तो इसका भी अधिकांश बुरा प्रभाव , खासकर मुस्लिम व अन्य धार्मिक अल्पसंख्यक समाज के लोगों पर ही पड़ रहा है। दादरी कांड इस बात का जीता-जागता उदाहरण है, जिसकी जितनी भी निंदा की जाए, उतनी ही कम है। अब तो इस सरकार में संवैधानिक पद पर बैठे हुए लोग भी देश में सामाजिक व साम्प्रदायिक माहौल को बिगाड़ने में पूरे जी-जान से लगे हुए हैं, जिनका सरकार गंभीरता से संज्ञान तक नहीं

ले रही है। इस मामले में अभी हाल ही में असम के गवर्नर ने संवैधानिक पद पर बैठकर जो यह असंवैधानिक बयान दिया है कि हिन्दुस्तान हिन्दुओं का है और यहां से मुसलमान पाकिस्तान जाने के लिए पूरे स्वतंत्र हैं, तो इस किस्म का यह असंवैधानिक बयान किसी से छिपा नहीं है, जबकि केंद्र की सरकार को ऐसे गवर्नर को तुरन्त ही बर्खास्त करके उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही करनी चाहिए थी, लेकिन अभी तक ऐसा नहीं किया गया है। क्या यही वर्तमान केंद्र की सरकार की भारतीय संविधान के प्रति सही प्रतिबद्धता है?

इसके साथ ही भारतीय संविधान में जो विचारों की आजादी निहित है, वह भी कुछ हद तक खंडित होती हुई नजर आ रही है। इसके साहित्य व फिल्म जगत से जुड़े अनेकों उदाहरण हमारे सामने मौजूद हैं। इसके साथ ही अति चिंता की बात एक यह भी है कि अब भारतीय संविधान की गरिमा के खिलाफ जाकर वर्तमान केंद्र की सरकार के, खासकर बी.जे.पी. के कुछ सांसद, मंत्री व नेतागण तथा इनके हिन्दू संगठनों से जुड़े लोग जो आए दिन विवादित, अमर्यादित व शर्मनाक बयानबाजी करते रहते हैं, तो इससे भी देश में सामाजिक व साम्प्रदायिक सौहार्द का माहौल काफी ज्यादा बिगड़ रहा है, लेकिन तब भी इस पार्टी व इनकी सरकार के मुखिया, श्री नरेंद्र मोदी खामोश बने हुए हैं। क्या यही बी.जे.पी. व केंद्र की वर्तमान सरकार की भारतीय संविधान के प्रति सही प्रतिबद्धता है? इसलिए ऐसे हालातों से दुखी होकर फिल्म जगत से जुड़े एक मुस्लिम कलाकार को मजबूरी में भारत छोड़ने की बात कहनी पड़ी है और इसके लिए हमारी पार्टी देश के वर्तमान साम्प्रदायिक हालातों को देखते हुए संबंधित फिल्म कलाकार को कम और बी.जे.पी. व इनकी केंद्र की सरकार को ज्यादा कसूरवार मानकर चलती है और संबंधित फिल्म कलाकार को अपना देश छोड़ने के बजाए इनको मैं बाबा साहेब डा. अम्बेडकर के पदचिन्हों पर चलने की सलाह देती है। इस संबंध में मैं यह कहना चाहती हूँ कि जब हमारा देश आज़ाद होने वाला था या अंग्रेज हमारे देश को आज़ाद करने के लिए तैयार हो गए थे, तब अंग्रेजों ने इस देश को छोड़ने से पहले यह कहा कि आप अपना संविधान बना लो। जब अंग्रेज बिल्कुल रजामंद हो गए थे कि हम देश को आज़ाद कर देंगे, तब उन्होंने इस देश को छोड़ने से पहले यहां के लोगों से यह कहा कि आप अपना संविधान बना लो। इसके बाद भारतीय संविधान को बनाने के लिए संविधान सभा का गठन किया गया, लेकिन उस संविधान सभा के लिए यह शर्त रखी गई थी कि इसके मेम्बर चुने हुए होंगे। उस समय बाबा साहेब डा. अम्बेडकर यह चाहते थे कि वे महाराष्ट्र से चुन कर आएं, जो उनकी कर्मभूमि थी, लेकिन महाराष्ट्र में उस समय जो कांग्रेस पार्टी और हिन्दूवादी संगठन थे, वे उस समय बाबा साहेब डा. अम्बेडकर के बहुत खिलाफ थे। वे नहीं चाहते थे कि बाबा साहेब डा. अम्बेडकर संविधान सभा में चुन कर जाएं। जब बाबा साहेब डा. अम्बेडकर को महाराष्ट्र से चुन कर नहीं जाने दिया गया, तब बंगाल, जहां पर कांग्रेस पार्टी का वर्चस्व नहीं था, वहां के जो सामाजिक संगठन थे, उन्होंने बाबा साहेब डा. अम्बेडकर को यह ऑफर दिया और उनको यह कहा, "ठीक है, आपको तो महाराष्ट्र में वहां के हिन्दूवादी संगठन और कांग्रेस के लोग संविधान सभा में चुन कर नहीं जाने देना चाहते हैं, आप हमारे बंगाल में आएं, हम आपको यहां से जिताकर भेजेंगे।"

इसके बाद बाबा साहेब डा. अम्बेडकर बंगाल के जैसुर और खुलना की सीट से चुन कर आए। वहां से भी हराने के लिए कांग्रेस पार्टी एण्ड कंपनी के लोगों ने पूरी कोशिश की थी, लेकिन उनकी वह कोशिश कामयाब नहीं हो सकी। बाबा साहेब डा. अम्बेडकर वहां से चुन कर आ गए, लेकिन दुख की बात यह है कि जब सन् 1947 में अपने देश का बंटवारा हुआ, भारत

[सुश्री मायावती]

और पाकिस्तान अलग देश बने, तब बाबा साहेब डा. अम्बेडकर बंगाल के जिस क्षेत्र से चुन कर आए थे, उस क्षेत्र को पाकिस्तान के हवाले कर दिया। जब यह बंटवारा हुआ था और बंटवारे को लेकर बंगाल में जो शर्तें रखी गई थीं, उन शर्तों के विपरीत जाकर बाबा साहेब डा. अम्बेडकर के उस क्षेत्र को पाकिस्तान के हवाले कर दिया गया और इसका नतीजा यह हुआ कि फिर बाबा साहेब डा. अम्बेडकर पाकिस्तान की संविधान सभा के सदस्य कहलाए। इस स्थिति में वे भारत की संविधान सभा के मेम्बर नहीं रहे।

इसको लेकर बाबा साहेब डा. अम्बेडकर बहुत दुखी हुए। बाबा साहेब ने इस पर काफी गंभीरता से चिंतन किया और अपने आप में सोचा, "मेरे लोग तो इंडिया में रहते हैं, भारत में रहते हैं, तो मैं पाकिस्तान में रह कर क्या करूंगा? यहां रह कर ही मैं उनके हितों की लड़ाई नहीं लड़ सकता हूँ।" इसके बाद बाबा साहेब डा. अम्बेडकर अंग्रेजों से मिले। उन्होंने सारी बातें उनके सामने रखीं। उन्होंने बताया कि उनके साथ किस प्रकार से धोखा किया गया और जो शर्तें रखी गई थीं कि कौन-सा क्षेत्र पाकिस्तान में जाएगा और कौन-सा क्षेत्र बंगाल में रहेगा, उन शर्तों के खिलाफ जाकर उस क्षेत्र को पाकिस्तान के हवाले कर दिया गया, जहां से बाबा साहेब चुन कर आए थे। ऐसी स्थिति में बाबा साहेब ने सोचा, "जब मैं भारत की संविधान सभा में रहूंगा ही नहीं, तो फिर मैं अपने लोगों की बात कैसे रख पाऊंगा?" अंग्रेजों ने बाबा साहेब डा. अम्बेडकर की बातों को गंभीरता से सुना और उसी समय उन्होंने देश की आज़ादी के लिए जो लोग लड़ाई लड़ रहे थे, उन लोगों को बुलाया। कांग्रेस पार्टी एण्ड कंपनी के लोगों को बुलाया और नेहरू जी से भी उन्होंने बात की और उनको यह कहा, "देखिए, बाबा साहेब डा. अम्बेडकर ने जो बात कही है और वे अपने लोगों के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लड़ाई लड़ रहे हैं और जिस क्षेत्र से वे संविधान सभा में चुन कर आए हैं, आपने उस क्षेत्र को पाकिस्तान के हवाले कर दिया है।" उन्होंने उनको यह कहा, "ठीक है, आप आज़ादी चाहते हैं, हम आपको आज़ादी देने के लिए तैयार हैं, लेकिन अब हम आपको आज़ादी तभी देंगे, जब आपने जिस क्षेत्र को पाकिस्तान के हवाले कर दिया है, जहां से बाबा साहेब चुन कर आए हैं, उस क्षेत्र को आप इंडिया में वापस ले लें। यदि आप उसको वापस नहीं लेते हैं, तो आपकी यह जिम्मेवारी बनती है कि आप भारत के अंदर कहीं से भी अपने मेम्बर से रिज़ाइन कराएं और उनके स्थान पर बाबा साहेब को भारत की संविधान सभा में चुन कर लाएं।" उसके बाद ये लोग मुश्किल में पड़ गए। उस समय कांग्रेस पार्टी एंड कंपनी के लोग सकते में पड़ गए। इनको आज़ादी भी चाहिए थी। हमें भी आज़ादी चाहिए थी, हम भी आज़ादी के पक्षधर हैं और बाबा साहेब भी आज़ादी के पक्षधर थे। जब कांग्रेस पार्टी को यह लगा कि इस देश की आज़ादी मुश्किल में पड़ रही है, तो उस समय फिर उन्होंने मजबूरी में महाराष्ट्र में पूना से अपने एक मेम्बर से रिज़ाइन कराकर बाबा साहेब डा. अम्बेडकर को संविधान सभा में चुनकर भेजा, जिसको अक्सर ये यह कहकर भुनाते रहते हैं कि बाबा साहेब को तो हमने संविधान सभा में जिताकर भेजा था, लेकिन ये यह नहीं बताते कि किन परिस्थितियों में उनको वहां से चुनकर भेजा था। इनकी बाबा साहेब डा. अम्बेडकर के प्रति यही श्रद्धा थी। इसलिए मैं फिल्म जगत से जुड़े मुस्लिम समाज के एक कलाकार को खास तौर से यह कहना चाहती हूँ कि उनको बाबा साहेब अम्बेडकर से प्रेरणा लेनी चाहिए कि कैसे वे काफी बुद्धिमता से और योजनाबद्ध तरीके से मुश्किल हालात से निपटे, लेकिन उन्होंने अपने भारत देश को नहीं छोड़ा और अपने लोगों के लिए लड़ाई लड़ते रहे। इसलिए फिल्म जगत से जुड़े मुस्लिम समाज के कलाकार को भारत छोड़ने

के बारे में नहीं सोचना चाहिए। उनके कुछ दुःख और तकलीफें हैं, जिनका उन्हें बाबा साहेब डा. अम्बेडकर के बताए हुए रास्तों पर चलकर निवारण करना चाहिए।

माननीय उपसभापति जी, मैं यहां यह भी कहना चाहती हूँ कि जो लोग बाबा साहेब डा. अम्बेडकर के बारे में यह कहते हैं कि हमने बाबा साहेब डा. अम्बेडकर का बड़ा मान-सम्मान किया है, तो उनसे मैं इस पूरे सदन के बीच यह कहना चाहती हूँ कि उनका उनके लिए अगर इतना मान-सम्मान था, तो बाबा साहेब डा. अम्बेडकर ने भी तो इस देश को अपना संविधान दिया! इस देश के संविधान निर्माण में उनका बहुत बड़ा योगदान था। यदि कांग्रेस पार्टी के लोग यह कहते हैं कि हम बाबा साहेब डा. अम्बेडकर के बहुत हितैषी थे, तो मैं यह कहना चाहती हूँ कि जब भारतीय संविधान के तहत सन् 1951-52 में देश में पहली लोक सभा के लिए आम चुनाव हुआ था, तो उस समय बाबा साहेब डा. अम्बेडकर ने महाराष्ट्र के मुम्बई की एक सीट से चुनाव लड़ने का फैसला किया। बाबा साहेब डा. अम्बेडकर, जिन्होंने अपने देश को संविधान दिया, उस संविधान में उनके योगदान को ध्यान में रखकर मेरा तो यही कहना है कि जब बाबा साहेब डा. अम्बेडकर ने पहली लोक सभा का चुनाव लड़ा तो सभी पार्टीज़ उनके उस योगदान को ध्यान में रखकर उनके खिलाफ कैंडिडेट न खड़ा करके, उनको निर्विरोध जिताकर लोक सभा में भेजतीं तो ज्यादा अच्छा होता, लेकिन उस समय ऐसा नहीं किया गया। बाबा साहेब डा. अम्बेडकर के खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने मिस्टर कजरोलकर को खड़ा किया, सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया गया और जितने वोटों के अंतर से बाबा साहेब डा. अम्बेडकर चुनाव हारे, लगभग उतने ही उनके वोट्स कैंसल कर दिए गए थे, जिसकी वजह से अर्थात् सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करके उस समय बाबा साहेब को जबरन चुनाव में हराया गया था। इसलिए इन सब बातों को ध्यान में रखकर देश के संबंधित फिल्म कलाकर व अन्य दुखी लोगों को भी बाबा साहेब....

MR. DEPUTY CHAIRMAN: *Behenji*, please conclude.

सुश्री मायावती : सर, थोड़ा-सा और रह गया है। उनको बाबा साहेब के पदचिह्नों पर चलकर साम्प्रदायिक ताकतों का अपनी बुद्धिमता व सूझ-बूझ से तथा शांतिमय ढंग से मुकाबला करना चाहिए न कि घबराकर मैदान छोड़ने की बात करनी चाहिए।

इसके साथ-साथ, महात्मा ज्योतिराव फूले की तरह बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर भी नारी मुक्ति व महिलाओं को पुरुषों के समान संपत्ति आदि में भी बराबरी का अधिकार देने के प्रबल समर्थक थे और उन्होंने भारत में नारी कल्याण हेतु संविधान की धारा 14 और 15 में पुरुषों के समान बराबरी का अधिकार दिलाकर एक महान कार्य किया है। इतना ही नहीं, बल्कि "हिन्दू कोड बिल" बनाकर बाबा साहेब नारी मुक्ति व कल्याण के मामले को नई प्रगतिशील समानता के नियमों को अंतिम रूप देना चाहते थे। इस मामले में तत्कालीन प्रधान मंत्री श्री नेहरू के परामर्श से ही "हिन्दू कोड बिल" बनाकर भारतीय समाज में कुछ जरूरी परिवर्तन करने के उद्देश्य से बाबा साहेब ने क़ानून मंत्री की हैसियत से वह "हिन्दू कोड बिल" दिनांक 11 अप्रैल, 1947 को संसद में पेश किया था, परन्तु वह बिल चार वर्षों से भी अधिक समय तक संसद में लम्बित पड़ा रहा और फिर अंत में इस बिल को तत्कालीन प्रधान मंत्री ने वापस ले लिया था। बाबा साहेब इससे काफी दुखी हुए। इसे उन्होंने पूर्ण रूप से महिलाओं के अधिकारों व उनके आत्मसम्मान के विरुद्ध समझा और फिर अंत में, उन्होंने दिनांक 28 सितम्बर, 1951 को देश के पहले क़ानून मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था। उपसभापति महोदय, हालाकि "हिन्दू कोड बिल" पर बाद

[सुश्री मायावती]

में टुकड़ों में बहस हुई। संक्षेप में इन सब बातों को मद्देनजर रखते हुए मेरा यही कहना है कि केंद्र की वर्तमान सरकार बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की 125वीं जयंती के मौके पर जो भारतीय संविधान के प्रति अपनी सच्ची प्रतिबद्धता जताने की बात करती है, तो यह केवल इनका दिखावा मात्र है। इसका अंदाजा, इन सभी वर्गों के प्रति इनकी कथनी और करनी के अन्तर से लगाया जा सकता है, जिसका काफी कुछ वर्णन मैंने आज किया है।

महोदय, इसके साथ ही यहां मैं वर्तमान केंद्र सरकार के बारे में यह भी कहना चाहूंगी कि बाबा साहेब की 125वीं जयन्ती के वर्ष में इनके सम्मान में एक या दो स्मारक या संग्रहालय आदि बनाने से इनको मानने वाले लोग, इनसे प्रभावित होने वाले नहीं हैं, बल्कि इसके साथ-साथ इन वर्गों के उत्थान के लिए केंद्र की सरकार को ठोस कदम उठाने होंगे और इस मामले में केंद्र सरकार को उत्तर प्रदेश में रही बी.एस.पी. की सरकार से सबक सीखना होगा। हमारी पार्टी की सरकार ने उत्तर प्रदेश में बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के आदर व सम्मान में स्मारक, संग्रहालय व पार्क आदि का निर्माण करने के साथ-साथ इनको मानने वाले कमजोर तबकों के विकास व उत्थान के लिए अनेकों ऐतिहासिक कार्य किए, जिसकी जानकारी अधिकांश पार्टियों को है। उन कार्यों को मैं यहां फिर से नहीं दोहराना चाहती हूं।

महोदय, कहने का तात्पर्य यह है कि बाबा साहेब की 125वीं जयन्ती मनाने का सही लक्ष्य व इसके साथ ही भारतीय संविधान के प्रति प्रतिबद्धता भी तभी सही और सार्थक हो सकती है जब इनकी व संविधान की मंशा के मुताबिक चल कर देश व जनहित में, खासकर समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए हर स्तर पर पूरी ईमानदारी व निष्ठा से कार्य किया जाएगा, जो पूर्व की सरकारों की तरह, केंद्र की वर्तमान सरकार में अभी तक ऐसा होता हुआ प्रतीत नहीं हो रहा है। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, please conclude.

सुश्री मायावतीः महोदय, मैं पांच मिनट में समाप्त करूंगी।

महोदय, पूर्व की सरकारों की तरह केंद्र की वर्तमान भाजपा सरकार ने भी यहां दलितों, आदिवासियों व अन्य पिछड़े वर्गों के हितों के लिए अभी तक जो भी कदम उठाए हैं या फैसले लिए हैं, उनसे इन वर्गों को फायदा कम हुआ है, बल्कि इनकी आड़ में देश के बड़े-बड़े पूंजीपतियों व धन्ना सेठों को अप्रत्यक्ष रूप से ज्यादा फायदा पहुंच रहा है। इस बारे में मैं कहना चाहती हूं कि खासकर मुस्लिम व अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों के प्रति इनका रवैया और भी ज्यादा खराब है। क्या यही इनकी बाबा साहेब, डा. अम्बेडकर व भारतीय संविधान के प्रति सही प्रतिबद्धता है? इतना ही नहीं, बल्कि पूर्व की सरकारों की तरह, वर्तमान की केंद्र सरकार ने भी देश में सर्वसमाज में से गरीब, मजदूर, किसान, कर्मचारी, व्यापारी व अन्य पेशों में लगे लोग भी अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर आज भी काफी ज्यादा दुखी व परेशान नजर आते हैं।

महोदय, देश में महंगाई भी काफी ज्यादा बढ़ रही है। हमारे देश का पर्यावरण भी बिगड़ रहा है। हमारे देश की सीमाएं भी बराबर सुरक्षित नहीं हैं, लेकिन इन समस्याओं के समाधान की तरफ सरकारों द्वारा, यानी केंद्र की सरकार और राज्यों की सरकारों द्वारा कोई भी विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा है और न कोई प्रभावी कदम उठाया जा रहा है। क्या यही केंद्र सरकार के

साथ-साथ राज्य सरकारों की भी भारतीय संविधान के प्रति सही प्रतिबद्धता है?

महोदय, सदन प्रारम्भ होने के पहले ही दिन माननीय प्रधान मंत्री, श्री नरेंद्र मोदी ने संविधान को लेकर यह घोषणा की है कि अब हर साल 26 नवंबर के ही दिन देश में 'संविधान दिवस' मनाया जाएगा, जबकि इस बारे में हमारी पार्टी का यह कहना है कि हर साल अकेले 'संविधान दिवस' मनाने से कार्य चलने वाला नहीं है। मेरा तो यह कहना है कि इसके साथ-साथ, इन्हें भारतीय संविधान की कार्य-प्रणाली के अमल पर भी पूरी ईमानदारी व निष्ठा से ध्यान देना चाहिए, जो हमें इस सरकार में अभी तक अमल होता नज़र नहीं आ रहा है। इसकी तरफ भी इन्हें ध्यान देने की जरूरत है, तभी 'संविधान दिवस' मनाने का मकसद सही अर्थों में सार्थक साबित होगा।

महोदय, इतना ही नहीं, इन्होंने दिनांक 27 नवम्बर , 2015 को लोक सभा में बोलते हुए यह कहा कि अब संविधान बदला नहीं जा सकता है। अगर कोई ऐसा करता है, तो फिर वह आत्महत्या जैसा ही होगा। कहने के लिए बात तो बहुत अच्छी है, जबकि वास्तव में ऐसा इन्होंने इसलिए कहा है क्योंकि इनके आरएसएस संगठन द्वारा आरक्षण की समीक्षा करने की बात करना ही इस बार इनको बिहार विधान सभा के आम चुनाव में काफी महंगा पड़ गया है, जिससे सबक सीखकर अब इन्हें मजबूरी में देश के दलितों को अपने विश्वास में लेने के लिए यह सब कहना पड़ रहा है। इस बात से वैसे सभी अवगत हैं। अब मैं यही उम्मीद करती हूं कि केंद्र और सभी राज्यों की सरकारें बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के बताए हुए रास्तों पर चलकर भारतीय संविधान की मूल मंशा और गरिमा के अनुरूप ही अपनी सरकारें चलाएं, तो यह बाबा साहेब डा. अम्बेडकर की 125वीं जयंती पर इनके लिए बहुत बड़ा आदर-सम्मान होगा। ...(**समय की घंटी**)... इसके साथ-साथ इस मौके पर मैं बाबा साहेब के अनुयाइयों से यह अनुरोध करना चाहूंगी कि वे बाबा साहेब के उस मंत्र का, अर्थात "शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो," इसका खासकर कमजोर तबकों के बीच में जाकर जरूर प्रचार और प्रसार करें। इसके साथ ही जुल्म और ज्यादती के खिलाफ संघर्ष करने और आवाज़ उठाने के मामले में भी उन्होंने लोगों को कहा कि जुल्म करने वाले से जुल्म सहने वाला उससे भी कहीं ज्यादा कसूरवार होता है। तो वर्तमान हालात में इसके लिए भी लोगों को जरूर प्रेरित करें। इतना ही नहीं, बाबा साहेब ने इन लोगों को यह भी कहा था कि यदि केंद्र और राज्यों की सरकारें देश में सर्व समाज में से, खासकर गरीबों, कमजोर तबकों और धार्मिक अल्पसंख्यकों के विकास और उत्थान के लिए भारतीय संविधान की मंशा के अनुरूप कार्य नहीं करती हैं, तो ऐसी स्थिति में इन्हें अलग से अपनी राजनीतिक पार्टी बनाकर सत्ता खुद अपने हाथों में लेकर यह कार्य अपने आप ही करना होगा। इस खास बात की तरफ भी इन लोगों को जरूर ध्यान देना चाहिए। इसके साथ-साथ अब मैं पुनः केंद्र और राज्यों की सरकारों से भारतीय संविधान के प्रति प्रतिबद्ध होकर कार्य करने की अपील करती हूं। इस मामले में, खासकर वर्तमान केंद्र की सरकार को, ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है क्योंकि जिस दिन माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी लोक सभा में बाबा साहेब की 125वीं जयंती और भारतीय संविधान के प्रति प्रतिबद्धता पर अपनी बात रख रहे थे, उसी दिन उनकी पार्टी के एक सांसद, जो इसी सदन के सदस्य भी हैं, बाहर मीडिया में यह बयान दे रहे थे कि अयोध्या में श्री मोदी के ही शासन काल में राम मंदिर जरूर बनेगा, जबकि यह मामला अभी तक माननीय सुप्रीम कोर्ट में लम्बित पड़ा है।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I think now you should conclude.

सुश्री मायावती : इसलिए इस किस्म के अपने अन्य और लोगों पर भी पार्टी और सरकार को कुछ न कुछ अंकुश जरूर लगाना होगा, वरना इस किस्म के लोगों से हमारे देश के हालात कभी भी बिगड़ सकते हैं।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I think, you should conclude.

सुश्री मायावती : मैं बस खत्म कर रही हूं। वैसे भी इस समय पूरी दुनिया में आतंकवाद का कहर छाया हुआ है और हमारा देश भी समय-समय पर इसका शिकार हो रहा है। इस समय हमारे देश की सीमाएं भी सुरक्षित नहीं हैं। पड़ोसी देशों से भी अब एक-एक करके रिश्ते खराब होते जा रहे हैं। नेपाल इसका खास एग्ज़ाम्पल है। इसके साथ ही इस समय देश में असहनशीलता, उग्रवाद और अराजकता का भी काफी ज्यादा माहौल पनप रहा है, इसलिए ऐसे हालातों में केंद्र की सरकार को प्राथमिकता के आधार पर देश में जनता के हितों के साथ-साथ उनकी सुरक्षा की तरफ भी विशेष ध्यान देना चाहिए, न कि उसे इस समय मंदिर निर्माण की तरफ ध्यान देना चाहिए क्योंकि जब हमारा देश और जनता ही पूरे तौर से सुरक्षित नहीं रहेगी, तब ऐसे हालात में मंदिरों में पूजा करने के लिए कौन जाएगा? यह बात सरकार को अपने लोगों को जरूर समझानी चाहिए। इसके अलावा खासकर देश के कमज़ोर तबकों के हितों में जिन भी बातों की तरफ मैंने केंद्र की सरकार का ध्यान आकर्षित कराया है, उनकी तरफ सरकार को जरूर ध्यान देना चाहिए।

अंत में, यहां मैं यह भी कहना चाहूंगी कि यदि इन सब मामलों में, अर्थात देश व जनहित में और खासकर कमजोर तबकों के हितों में केंद्र की सरकार कोई भी सकारात्मक कदम उठाती है तो हमारी पार्टी केंद्र की सरकार का जरूर साथ देगी। इसी क्रम में यहां मैं जीएसटी बिल के बारे में भी यह बात जरूर कहना चाहती हूं कि जीएसटी बिल के बारे में केंद्र की सरकार का यह कहना है कि यह बिल पास हो जाने से देश की अर्थव्यवस्था में बदलाव आएगा। हम आपकी बात मान लेते हैं। ...(**समय की घंटी**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, you please conclude.

सुश्री मायावती : यदि आपको पूरा भरोसा है कि जीएसटी बिल के पास होने से देश की अर्थव्यवस्था में बदलाव आएगा...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, you please conclude.

सुश्री मायावती : तो आज मैं इस शुभ अवसर पर यह कहना चाहती हूं कि यदि आपको पूरा भरोसा है कि इस बिल के पास हो जाने से इस देश की अर्थव्यवस्था में बदलाव आएगा, सुधार आएगा और वह मज़बूत होगी, तो इस बिल का हमारी पार्टी समर्थन करती है, यह मैं आपको कहना चाहती हूं। इसके लिए आप लोगों को हमें एक कप चाय तो छोड़ो एक गिलास पानी भी पिलाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इन्हीं जरूरी बातों के साथ ही...

संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री रवि शंकर प्रसाद): हम तो आपको भोजन भी कराएंगे।

सुश्री मायावती: अब मैं पुनः परम पूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की 125वीं जयंती के वर्ष पर, इनके द्वारा खासकर अपने देश को हर मामले में एक बेहतरीन संविधान देने के लिए, इनके इस अमूल्य योगदान को दिल से नमन करते हुए, आदर-सम्मान देते हुए, अपनी बात यहीं समाप्त करती हूं, धन्यवाद।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF SCIENCE AND TECHNOLOGY; AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EARTH SCIENCES (SHRI Y. S. CHOWDARY): Thank you very much, Mr. Deputy Chairman, Sir.

The hon. Members of both the Houses have spoken a lot about *Bharat Ratna* Dr. Ambedkar, and about his contribution towards drafting the Constitution, which has helped this nation in a great way. I could not understand one thing. This is the 125th Birth Anniversary of the Constitution, but in the last 50-55 years we never bothered to think about the architect of our Constitution. Now, since many hon. Members in both the Houses have spoken a lot on this subject, I do not wish to repeat things already said about Dr. Ambedkar. To the best of my knowledge, the founder of our Party, Dr. N.T. Rama Rao, perfectly followed Dr. Ambedkar's philosophy, mainly by dispensing with the *Patwari and Patel* systems, delegating powers at the village level and uplifting the weaker sections of the society. Incidentally, it was during his tenure as the National Front Chairman that Dr. Ambedkar's statue was unveiled in the Parliament. Whether it is any guide, the *Geeta*, the *Kuran*, the *Guru Granth Sahib* or whatever else, our country has benefited in a big way from the contribution of Dr. Ambedkar, the architect of our Constitution. We are witness to how our neighbouring country has been facing problems in running the country in a democratic way, mainly because of their weak Constitution. It is because of our Constitution that we find many great examples, like that of our great economist, Dr. Manmohan Singh, entering this House and becoming the Prime Minister of this country for ten years. Also, even some 'non-national' citizens could enter this House because of the provisions in our Constitution. Because of the Constitutional provisions and a great visionary leader like Mr. Chandra Babu Naidu, even a person like me, who is not a politician by career, could come here to witness the Parliament's functioning.

Sir, these days we hear a lot of talk about intolerance. The opposition parties are becoming intolerant towards the Treasury Benches and the Treasury Benches are becoming intolerant, irrespective of which party is in power, towards the opposition parties. Children are becoming intolerant towards parents and parents are becoming intolerant towards children. Film producers are becoming intolerant towards censorship, and so on. I am sure this is another passing cloud. The Constitution written by Dr. Ambedkar makes us a great nation, and so, this hysteria would also pass.

Sir, today, an average citizen, who is involved in a productive activity, is not interested in anything else; he is interested in living happily. He is not interested in knowing what one is eating and which religion one is practising, and so on. But, unfortunately, that is being talked about a lot. The Constitution does not permit eating of human beings but, unfortunately, because of all these issues, human brains are

[Shri Y. S. Chowdary]

being eaten away. That has to be stopped. In fact, I am not able to really forget. You are also a witness, last year, to the way in which A.P. Reorganisation Bill was passed. The Constitution never allowed or provided to give differential justice to different States. When we have made the Republic of India, all the States are expected to have the same justice and both the Houses, that is, Parliament, which is supreme, is expected to give justice to all the States of this country. When Uttar Pradesh came after passing the positive Assembly resolutions, the then Government never bothered to think of that. When Andhra Pradesh Assembly passed the dissent resolution, for political reasons, the same Parliament House, both the Houses have allowed. Sir, with the result, a lot of injustice also has happened. This is going to be a permanent wound in the hearts of citizens of Andhra Pradesh. Sir, at that point of time, it was Article 3 of the Constitution. Article 3 of the Constitution was incorporated mainly to bring the Republic of India. Our great leader Sardar Vallabhbhai Patel for bringing unity in the country, for bringing back the Princely States into the Republic of India, Article 3 was incorporated and used; whereas in the case of Andhra Pradesh only for political reasons, it was used and nobody said that it is not correct to divide a State. Article 3 said very clearly that it has to have the statement of purpose. But simply 272 Members of the House can make this country divide into bits and pieces, the way they have done it to the State of Andhra Pradesh. Nobody has said that the division is wrong. But the manner in which they have done, I have no hesitation to say that it was done definitely undemocratically by closing the Lok Sabha doors, by switching off the T.V. channels and also finally it was passed in the din. Whatever they have allotted, whatever they have committed in the Bill and also the promises made on the floor of the House, it was a condition precedent for passing the Bill by the then Government. Just merely a change of guard cannot alter the commitments. The promises made by the Bill should become a law, whether it is special category status or whether it is a special package for industries at the end of the day. That day that Bill was passed subject to certain commitments, certain promises made by the then hon. Prime Minister, Dr. Manmohan Singh mainly in order to see that Andhra Pradesh also gets proper support until they get a level-playing field with the neighbouring States. So, I am really unable to understand and we are not able to answer to every citizen of Andhra Pradesh. In the same House, when the then Government was passing the Bill for the purpose of political gain, they thought that they would get the benefit which finally has not happened. So, that has proven very clearly that they have no respect for the Member and they simply have respect for the numbers and they bulldozed the Bill which is fundamentally against the Parliamentary principles. The

Parliamentary Principles always mentioned that a solution has to be arrived only by way of debates and deliberations. But, unfortunately, Sir, that has happened. So, only my request is that....

SHRI ANANDA BHASKAR RAPOLU (Telangana) : Sir, I have serious objections. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, please. ...(*Interruptions*)...You are not allowed ...(*Interruptions*)...

SHRI Y. S. CHOWDARY: Whether it is unsigned. ...(*Interruptions*)... It is a law passed. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Sit down, sit down. ...(*Interruptions*)... Rapoluji, sit down. ...(*Interruptions*)...

SHRI ANANDA BHASKAR RAPOLU: But, Sir. ...(*Interruptions*)...

SHRI Y. S. CHOWDARY: Sir ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN : I have not allowed you. ...(*Interruptions*)... He is not yielding. ...(*Interruptions*)... He is not yielding. ...(*Interruptions*)...

SHRI Y.S. CHOWDARY: I am not saying about any particular Member. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You please take your seat. ...(*Interruptions*)...

SHRI Y.S. CHOWDARY: All the Members of Parliament are responsible because every citizen of Andhra Pradesh is a wounded citizen of Andhra Pradesh. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You please take your seat. ...(*Interruptions*)... He is not yielding. ...(*Interruptions*)...

SHRI Y.S. CHOWDARY: They are all ...(*Interruptions*)... My question is that whether we are part of India or not.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: What Mr. Rapolu says will not go on record. (*Interruptions*)...

SHRI Y.S. CHOWDARY: Sir, his party could not ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, no. ...(*Interruptions*)... Mr. Chowdary, please. ...(*Interruptions*)... No, it is not going on record. Please sit down. ...(*Interruptions*)... When your turn comes, you speak. ...(*Interruptions*)... Please sit down. It is not going on record. ...(*Interruptions*)... You cannot speak like that. Sit down. ...(*Interruptions*)...

[Mr. Deputy Chairman]

It is not going on record. ...(*Interruptions*)... You sit down. ...(*Interruptions*)... When your turn comes, you reply to it, not now. ...(*Interruptions*)... Hon. Leader, please ask him to obey the Chair. Please ask him to obey the Chair. ...(*Interruptions*)... He is interrupting. ...(*Interruptions*)... Please sit down. ...(*Interruptions*)... You can't do this. ...(*Interruptions*)... What are you doing? He is not yielding. ...(*Interruptions*)... What are you saying? You reply when your turn comes. ...(*Interruptions*)... Please sit down. ...(*Interruptions*)... This is not the way to behave. ...(*Interruptions*)... No, please. The discussion is going on smoothly. Every Member has a right to express his view. Those who want to rebut or reply, can do so when their chance comes. Don't interrupt like this. ...(*Interruptions*)... I will give you a chance. Please sit down. ...(*Interruptions*)...

SHRI ANANDA BHASKAR RAPOLU: Sir,*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: He can do that. He is speaking as a Member. ...(*Interruptions*)... When your turn comes ...(*Interruptions*)... I have told you to resume your seat. What Mr. Rapolu said will not go on record. ...(*Interruptions*)... What Mr. Rapolu said will not go on record. ...(*Interruptions*)...

SHRI ANANDA BHASKAR RAPOLU: Sir,*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: When your turn comes, you can speak.

SHRI Y. S. CHOWDARY: The manner in which the Bill was passed was illegal, undemocratic and unscientific. There is no question about that. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: That is his view. You reply when your turn comes. Why do you interrupt now? Yes, that is his view only. ...(*Interruptions*)... Please sit down. When your turn comes, you can say it. That is only his view.

SHRI Y. S. CHOWDARY : Sir, in fact, Dr. Ambedkar also said that if I find the Constitution being misused, I shall be the first to burn it. That was also mentioned. What happened? I am saying I never mentioned about ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Chowdary, please address the Chair. Don't look there. Please address the Chair. ...(*Interruptions*)...

SHRI Y. S. CHOWDARY : Sir, please bring the House to order. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You ignore him. You ignore him and address the Chair. What you say is on record and what he is saying is not going on record. Don't worry about that.

---

* Not recorded.

1.00 P.M.

SHRI Y. S. CHOWDARY : He is disturbing me, Sir. ...(*Interruptions*)... I am talking on behalf of every citizen of Andhra Pradesh who are all hurt very badly because of the manner in which both the Houses have passed the Bill. Today again we are facing the problem. This Government came 18 months back. Because of the lacuna ...(*Interruptions*)... There were promises made by the then Prime Minister. Just by the change of guard the things cannot happen like this. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: What Mr. Rapolu says will not go on record.

SHRI Y. S. CHOWDARY : Sir, the Bill was passed as a condition precedent on the promises of the then hon. Prime Minister, which has to become a law. Then only the people will give respect. Definitely, the time has come to think and introspect, and even the Private Members' Bills need to be respected. We have made the Private Members' Bills just a ritual. That is not correct. Whichever Government is there, they should give a serious thought to it.

Sir, irrespective of the change of guard, all the promises made on the floor of the House, have to be made law. We should not compare with other States. Today that is what I have to say. When the Uttar Pradesh Assembly passed a Resolution for the division of the State, both the Houses, irrespective of parties, never respected it. When Andhra Pradesh brought the Bill with dissent, just for political reasons -- they were pushed and bulldozed -- both the Houses have passed it. These kinds of things we should not allow to be repeated. Every citizen of this country is looking at these sacred places, that is, the Rajya Sabha and the Lok Sabha. It has definitely brought a lot of bad name to our democratic system. Recently, we were talking about cooperative federal system. What is the cooperative federal system?

A federal system is a federal system. It has to be done with proper benefit to every State equally. So, upliftment means not just trying to give freebees and special packages. It is expected to really give some sustainable growth for needy people, whether it is education, healthcare, employment or agriculture, which is not taking place with Government after Government even after 60 years. Both the Houses are expected to talk about these important things for upliftment. At the same time, because of the Constitution providing for it, so many people benefited from reservations or otherwise. So, there is also a need for us to think of measuring the benefits so that people, who have already got the benefit, can also join the rest of the citizens and help more quickly. So, that is another point. We have to think with collective wisdom and for the collective satisfaction of every citizen of this country.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Hon. Members, it is 1.00 p.m. Shall we sit until he finishes and then adjourn for lunch? Okay, you please continue.

SHRI Y. S. CHOWDARY: So, there is, definitely, a need for us to have collective wisdom or collective satisfaction and there is also a need for us to interpret, as per the time. When I entered this House for my maiden speech and I wanted to use i-Pad, the Treasury Benches then made a huge noise saying that I cannot use it, whereas, ultimately, Parliament itself has given i-Pad to every Member. So, when they are able to adopt such changes so easily, why are we not able to adapt the Constitution aptly and properly as per the times? Can we think of living today without computers and phones? Similarly, the Constitution has to be utilized very carefully and also there is a need for us to change ourselves as per the times. So, I sincerely urge upon all the Members, irrespective of their political parties, when we come to this sacred place, political parties' views should not be brought here. We have to think impartially. Thereby, I sincerely urge upon the Members to ensure that such incidences are not repeated, irrespective of any political lineages.

Sir, on the occasion of the 'Constitution Day', and while celebrating the 125th Birth Anniversary of Dr. Ambedkar, it is desirable that Parliamentarians, who enjoy the public mandate, regardless of political lineage, not withstanding whether we are on the Treasury side or the Opposition side, cherish the noble intentions enshrined in the Constitution. We all must rededicate ourselves to the solemn resolve taken while giving to ourselves this Constitution. That must be our renewed commitment, to give a better life to one and all. To begin with, the present context warrants that we should moderate ourselves and allow the Parliament to function and take up the normal legislative business and perform its duties as envisaged in the Constitution. This will be a befitting tribute to Dr. Ambedkar. Thank you very much.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The House is adjourned for lunch for one hour.

The House then adjourned for lunch at four minutes past one of the clock.

The House re-assembled after lunch at six minutes past two of the clock,
MR. DEPUTY CHAIRMAN *in the Chair.*

श्री प्रफुल्ल पटेल (महाराष्ट्र) : माननीय उपसभापति महोदय, हमारे यहां दोनों सदनों में परसों से एक बहुत ही महत्वपूर्ण और उत्तम चर्चा हो रही है। राजनीति से ऊपर उठकर, इस देश के संविधान के प्रति हमारी जो श्रद्धा है और देश के संविधान के माध्यम से हमने आज़ादी के इतने वर्षों में जो प्राप्त किया है, उस पर एक सघन चर्चा हो रही है। मैं हमारे राज्य सभा के सभी साथियों को बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने भारत के संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा और आस्था व्यक्त की है।

हमारा संविधान 26 जनवरी, 1950 से लागू हुआ और तब से लेकर आज तक जिस तरह से यह हमारे देश को एक रखने में, उसे बांधकर, जोड़कर रखने में सफल रहा है, यह हमारे लोकतंत्र की सबसे बड़ी जीत है, हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है। डा. बाबा साहेब अम्बेडकर, जो

इस संविधान के शिल्पकार थे, उनका जो सपना है, साथ ही हमारे देश के सभी 125 करोड़ नागरिकों की जो आशा है, अपेक्षा है, हम सभी का सपना है, उसको हम सबको मिलकर पूर्ण करना होगा। मैं डा. बाबा साहेब अम्बेडर की मेडन स्पीच, जो कांस्टीट्यूएंट असैम्बली में दी गई थी, उसकी कुछ पंक्तियां यहां पर कोट करना चाहता हूं। उन्होंने कहा था, 'I have got not the slightest doubt in my mind as to the future evolution and the ultimate shape of the social, political and economic structure of this great country. I know today we are divided politically, socially and economically; We are a group of warring camps...' और वे खुद भी स्वीकार करते हैं, '...and I may go even to the extent of confessing that I am probably one of the leaders of such a camp. But, Sir, with all this, I am quite convinced that given time and circumstances nothing in the world will prevent this country from becoming one. With all our castes and creeds, I have not the slightest hesitation that we shall in some form be a united people.' यह कांस्टीट्यूएंट असैम्बली में उनका प्रथम भाषण था, जिसका एक छोटा सा अंश इन पंक्तियों के रूप में मैंने आपके सामने रखा है। आप भी यह मानते हैं और हम सब भी इसे स्वीकार करते हैं कि विश्व में हम कहीं भी जाते हैं तो लोगों को लगता है कि भारत, जो 125 करोड़ लोगों का देश है, एक अजूबा है। इतने बड़े देश में लोकतंत्र किस तरह से चल रहा है? जिस देश में अमीरी है, गरीबी है, जहां अलग-अलग मज़हब के लोग रहते हैं, जहां धर्म और जाति के मामले में हम कितने हज़ार सालों से बिखरे हुए रहे हैं, इसके बावजूद भी भारत का लोकतंत्र इतना मज़बूत किस तरह से है, इसमें लोगों को आश्चर्य लगता है। आप भी कई बार कहीं बाहर गये होंगे, तो आपसे भी कई लोगों ने चर्चा की होगी कि इतना बड़ा देश किस तरह से चलता है। हमारे यहां चुनाव होते हैं। चुनावों के माध्यम से सरकारें बनती हैं, बदलती हैं। सरकार अच्छा काम करती है, तो उसकी सराहना भी लोग मतदान के माध्यम से करते हैं, सरकार ठीक नहीं चलती है, तो उसको बदलने का काम भी मतदान के माध्यम से, वोट के माध्यम से हमारे यहां पर होता है। यह हमारे लिए, हमारे लोकतंत्र के लिए हमारे संविधान के माध्यम से जो हमें मिला है, यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। इसलिए हम लोगों को कहीं न कहीं इसके बारे में चिंतन करना होगा, सोचना होगा कि हम किस तरह से अपने लोकतंत्र को और ज्यादा मजबूत कर सकते हैं।

हमारे देश में बहुत सारी चीज़ों पर हम लोग चर्चा करते हैं। कांस्टीटुएंट असेम्बली का डा. बाबा साहेब अम्बेडकर का एक और जो वाकया था, उसको मैं यहां क्वोट करना चाहता हूँ। उन्होंने कहा कि "On the 26th January, 1950, we are going to enter into a life of contradictions. In politics, we will have equality and in social and economic life, we will have inequality." उन्होंने कितनी सही बात कही कि हम लोग आज आज़ादी के 68 वर्षों बाद भी उसी बात की और उसी चीज की चर्चा हर रोज अपने दैनिक जीवन में करते हैं। "In politics, we will be recognizing the principle of one man one vote and one vote one value. In our social and economic life, we shall, by reason of our social and economic structure, continue to deny the principle of one man one value." उन्होंने यह कितनी सही बात बोली! मतलब हमारे लोकतंत्र के, आज़ादी के 68 साल बाद भी हम लोग एक व्यक्ति की कद्र आज भी नहीं कर रहे हैं। हमने कई जगह देखा है, हमारे देश में कितनी घटनायें घटती हैं, कम हों, ज्यादा हों, अच्छी हों या बुरी हों, लेकिन यह बात हमें अपने दैनिक जीवन में रोज मिलती

[श्री प्रफुल्ल पटेल]

है। हमारे यहां अभी दादरी के किस्से की भी बात हुई। कभी किसी और जगह दलित के बच्चों पर अत्याचार होता है, कभी किसी और पर कुछ होता है। खैरलांजी में, मेरे ही लोक सभा क्षेत्र में, वह घटना घटी, जिसमें जीवित लोगों को जलाया गया, दलित कुटुम्ब के लोगों को जलाया गया। इस तरह से जो घटनायें हमारे देश में आज भी हो रही हैं, ये कहीं न कहीं वह बात, जो डा. बाबा साहेब अम्बेडकर ने कांस्टीटुएंट असेम्बली में हमारे संविधान बनने के पूर्व कही, उसको आज भी हम अपने जीवन में रोज अभी भी अनुभव कर रहे हैं। How long shall we continue to deny equality in our social and economic life? इकोनॉमिक लाइफ की जब हम बात करते हैं, तो आज भी गरीब भूखा मर रहा है। आज भी हम लोग, इसमें मैं किसी को दोष नहीं देना चाहता हूँ, लेकिन आज भी as a nation, हमारे पूरे देश के नाते हम लोगों को इसके बारे में सोचना होगा कि हम लोग अभी भी गरीब को गरीब समझते हैं। गरीब के लिए हमारे पास सिर्फ शब्द हैं, कुछ योजनायें इधर-उधर की हैं, लेकिन उस गरीब को उस गरीबी से बाहर कैसे निकालना है, इसके बारे में हम लोग केवल चर्चा तक ही सीमित हैं, हमारे पास आज भी कोई ठोस कार्यक्रम नहीं है। इसीलिए, "We must remove this contradiction at the earliest possible moment. Else, those who suffer from inequality will blow up the structure of democracy which this Constituent Assembly has so laboriously built-up." मतलब वे सिर्फ बात करके या उसका वर्णन करके यहीं तक सीमित नहीं रहे हैं, उन्होंने 25 नवम्बर 1949 में यह आगाह किया "अगर हम लोगों को इन सारे मूल्यों, हमारे इन सारे सिद्धांतों को, हमारी जो ये सारी विषमतायें हैं, भेदभाव हैं, अगर इनको दूर करने का काम नहीं किया, तो हम अपने इस देश के हमारे लोकतंत्र में अपने आप ही विस्फोट करेंगे"। यह बात इसलिए सही है कि 125 करोड़ लोगों के देश में हम सब लोग यहां पर कहीं न कहीं सामाजिक और राजनीतिक जीवन से हमेशा जुड़े रहे हैं। उपसभापति महोदय, हमारे हर सांसद के घर पर सुबह कोई न कोई अपने काम को लेकर मिलने आता है। एक ज़माना था कि हमारे पास लोग आते थे कि गांव में सड़क बनवा दीजिए, गांव में बिजली नहीं है, पानी नहीं है, लेकिन आज अगर सौ आदमी किसी सांसद के घर पर आते हैं, तो उनमें से 99 लोग केवल अपने बच्चों के रोजगार के लिए आते हैं, नौकरी के लिए आते हैं और एकाध आदमी जो आता है, वह अपने व्यक्तिगत या निजी काम के लिए आता है। अब कोई सार्वजनिक काम के लिए इसलिए नहीं आता है, क्योंकि आज इतने बड़े देश में इतनी प्रगति करने के बावजूद हम नौजवानों की इतनी बड़ी फौज को रोज़गार नहीं दे पा रहे हैं। उनका भविष्य हम सुरक्षित नहीं कर पा रहे हैं और आज भी कहीं दादरी होगा, कहीं खैरलांजी भी होगा, कहीं अलग-अलग तरह की घटनाएं इस देश में घटती रहेंगी तो हमारे लोकतंत्र को हम अपने आप ही समाप्त कर देंगे। यहां पर भी एक विस्फोटक परिस्थिति हमारे देश में इंकार नहीं की जा सकती, यह वक्तव्य बाबा साहेब अम्बेडकर का 1950 में कांस्टीट्यूंट असेंबली में भाषण था और इस बात को हम लोगों को नजर-अंदाज नहीं करना चाहिए। बहुत सारी चीजें हो रही हैं, हमारे यहां पर बहुत सारी घटनाएं रोज घटती हैं। हम लोगों ने, उन्होंने इकॉनोमिक्स को कितना वेल डिफाइन किया। उन्होंने कहा "Our object in framing the Constitution is really two-fold: (i) To lay down the form of political democracy, and (ii) To lay down that our ideal is economic democracy..." आज हम लोग गरीब को गरीबी में, मैंने कहा न कि सिर्फ हम बातें करेंगे, लिप सर्विस करेंगे लेकिन सही अर्थ में उसको दूर करने के लिए हम काम नहीं करेंगे। उन्होंने यह ठीक बात कही कि "(ii) To lay down that our ideal is economic

democracy and also to prescribe that every Government, whatever is in power, shall strive to bring about economic democracy. The Directive Principles have a great value, for they lay down that our ideal is economic democracy." This is all I am quoting from what he said then, and these things hold as much as they were true then, maybe, more even today, because, as I said, of the kind of population explosion. For our knowledge and, I am sure, all of us know that, in the last Lok Sabha election witnessed, we had 84 crore registered voters. Out of those 84 crore registered voters, Mr. Deputy Chairman, Sir, there were 14 crore voters who were of the age of 18 and 19; first time registered. Out of those 84 crore voters, 19 crore voters were below the age of 22; that means they had not voted in the previous Lok Sabha elections. That means almost close to 20 per cent of India's demographics was first-time voters in the last Lok Sabha elections. And I can tell you, whichever Government comes or goes, we are happy; there is no question in democracy. We wish Narendra Modi Government well, but the point here is -- and what I mentioned earlier -- if such a large young population, restless population of India cannot be given its economic freedom and power, we are certainly going to see Governments coming and going. What happened in Bihar or what happened in Delhi? Do not take it as an aberration, it is a fact that people are not able to realise their true potential; they are not getting economic freedom and this is the time they will react through the ballot; they cannot react through the bullet. That is something which we will have to take care of. That is why, when you talk about Government and how Governments work, again, I quote Dr. Ambedkar, "While everybody recognised the necessity of diffusion of constitutional morality for the peaceful working of the democratic Constitution, there are two things interconnected with it which are not, unfortunately, generally recognised." What does he say? "One is that the form of administration has a close connection with the form of the Constitution." What does it mean? When *Behenji* was talking in the morning about your Ministers talking and making such statements about the people without the sensitivities of people in mind; what does it mean? Is it not a reflection of the administration against the sprit of the Constitution? What is the spirit of the Constitution? Would you want somebody to comment on a Dalit as if somebody is an animal? Would you like to comment on the killing of people as if something has happened just by some forces which have no connections with the religion of the person? I think we have to understand that. Therefore, what he further said is, "The form of administration must be appropriate to and in the same sense as the form of the Constitution. The other is that it is perfectly possible to pervert the Constitution, without changing its form by merely changing the form of the administration." So you may have a Constitution which talks of all good things. Of course, the Constitution is like a holy Bible, *i.e.*, the temple of our democracy; we sit here. Everybody has respect for the Constitution. But, the spirit

[श्री प्रफुल्ल पटेल]

of the Constitution is reflected through the administration. What are the things happening in this country? Look at the series of events which have happened. I am not talking of only this Government; I am talking about since the time we have become independent, since the time we have adopted the Constitution. Today, when we talk, obviously, we will be referring to the incidents which have been taking place in the last eighteen months. Therefore, the administration can't be quiet by simply saying, 'These are one of the things', 'Somebody said it', 'We have no reason to contradict the things', 'These are individual views'. There may be individual views. But as long as they are not countered by a collective view, as long as they are not countered by the will of the Government and the might of the Government, those individual views will also be reflected as the Government views of the day. Therefore, you have to take responsibility for these things. Therefore, without all these things, you will not be able to celebrate. Actually, when we talk of celebrating Dr. Ambedkar's 125th Birth Anniversary and also the Constitution Day of India because we had him as the author of the Constitution, we have to read not only the Constitution but also the spirit with which the Constitution was written. Therefore, Sir, I quoted it from what Dr. Ambedkar said.

I would like to say quickly, Mr. Deputy Chairman, Sir, that there are many things which have happened over the years. It is not just about the tolerance in the country and the equality or inequality which we have seen in this country.

There are so many other things which we also need to do. Even as a Parliament, we have the right to enact the Constitution; we have the right to change the Constitution; we have the right to discuss and debate, reform laws and we legislate. Dr. Ambedkar had given segregation of powers to the Constitution. We have the Judiciary, we have the Legislature. We decide so many things. In the last so many years, we had to worry that despite the segregation of powers though well-defined, there was something not going right. We legislate but the courts dispose. We propose and they dispose. Why is this happening? Is this the right balance which we should strike? We will have to look at where we are able to draw the right balance and take things forward. Otherwise, Parliament will only be left in the hands of another body to decide on what we should be legislating. I think, that is also not what the spirit of the Constitution is. That is why we have to look at certain issues in the larger context.

Mr. Deputy Chairman, Sir, we had many incidents in our country. I just mentioned a few of them. I would also like to say that there is something called the intolerance which is being talked every day. Nobody would like to see intolerance in our country. But we talked about it as a lip service. I want to give you an example of what

should happen. In Marathwada, in Maharashtra, there is a university in Aurangabad, the Marathwada University. The first college in that University set up by Dr. Babasaheb Ambedkar. One of our esteemed Members is from that area. The Senate of that University decided to name that University as Dr. B.R. Ambedkar University.

AN HON. MEMBER: No, that was proposed by the Senate.

SHRI PRAFUL PATEL: Then there was a big agitation for and against saying, 'Why should the name be there?' Several leaders including our Mr. Athawale, who is not present here now, took part; there was a big dalit movement in Maharashtra. There were violent protests, killings; there were long marches, and so on. Eventually, it went on for years and years. Sharad Pawarji was the Chief Minister of Maharashtra. I remember – I am saying this with firsthand knowledge – when this decision was taken, everybody in the Congress Party – we were in the Congress then – came and said, 'do not fall into this trap, and do not take this decision to rename the University. Sharad Pawarji, seven-eight people were sitting there, and I was one of them, said, 'whatever may happen, the fact is that this University truly deserves to be named after Dr. Ambedkar. Even if we lose our Government, even if we lose politically, we will not hesitate, but we will bring this debate to an end and we will name this University as Dr. Babasaheb Ambedkar University'. It was done, and true to what he said, six months or one year later, when the elections took place, we lost the elections. We were in the Opposition; we were in the Congress Party then; but the naming of the University was done. This is where I would like to say that all of us go for political convenience. Many of us speak of all what we talk of the Constitution, Dr. Ambedkar, बड़े, छोटे, गरीब, दलित, आदिवासी, लेकिन ये बातें केवल धरी रह जाती हैं। जब राजनीतिक कीमत की बात आती है, तो हर व्यक्ति यह सोचता है कि मेरा इसमें क्या लाभ हो रहा है, मुझे इसमें से क्या मिलने वाला है, मैं इसमें से आगे कैसे बढ़ सकता हूँ, इसलिए इस बात को हम लोगों को भी कहीं न कहीं सोचना होगा। डा. बाबा साहेब अम्बेडकर को जब यह महसूस हुआ, तो उन्होंने सोचा कि हमारे देश में हिन्दू संस्कृति का जो प्रभाव ऊँच-नीच का है, हज़ारों सालों की जो हमारी पुरातन विरासत है, इस विषमता को कहीं न कहीं दूर करना चाहिए। इसके लिए उन्होंने लड़ाई लड़ी। उन्होंने संविधान तो दिया ही, उसके अलावा भी उन्होंने दलितों और पिछड़ों की इस मूवमेंट को आगे बढ़ाया। जब उनके सामने सवाल आया कि इस संस्कृति में, हमारे हिन्दू धर्म में हमको न्याय नहीं मिलने वाला है, तब उन्होंने धर्मान्तरण के बारे में सोचा। धर्मान्तरण के बारे में सोचने के वक्त उनके सामने कई पर्याय थे। उनसे कई लोगों ने अलग-अलग बातें कहीं। मैं किसी धर्म या मज़हब की बात नहीं करूँगा, लेकिन मैं इतना जरूर कहूँगा कि उन्होंने बहुत सोच-विचार कर बुद्धिज्म को स्वीकार किया। क्यों किया? क्योंकि उन्होंने यह सोचा कि बुद्धिज्म हमारे ही देश का एक अंग है, हमारे ही देश से इस धर्म की शुरुआत हुई है और बुद्धिज्म हमारी भारतीय संस्कृति के सबसे नजदीक है। इसलिए उन्होंने हिन्दू धर्म त्यागा, लेकिन उन्होंने कोई अन्य इधर-उधर के धर्म को स्वीकार न करते हुए बुद्धिज्म को स्वीकार किया। रामदास जी, अब आप आ गए हैं, इस बात की पुष्टि आप कर सकते हैं। आज हम लोग

[Shri Praful Patel]

डा. बाबा साहेब अम्बेडकर की बहुत चर्चा करते हैं। सब लोगों में यह होड़ लगी है कि किस तरह से हम डा. बाबा साहेब अम्बेडकर की स्मृति का अभिनव अभिवादन करें और हम उसका राजनीतिक लाभ लें, लेकिन किसी की भी ये बातें ज्यादा चलने वाली नहीं हैं।

हमारी मुम्बई में इन्दु मिल है, जहां पर उनकी चैत्य भूमि है, जहां उनका अंतिम संस्कार हुआ था। उस भूमि पर उनका एक भव्य स्मारक बनाने की बात थी। उस स्मारक का अभी कोई फंक्शन हुआ। उस फंक्शन में तो हम लोगों में से किसी को बुलाया नहीं गया, लेकिन उस स्मारक के लिए जगह किसने दी? उस स्मारक का निर्णय किसने लिया? उस स्मारक का निर्णय हमारी सरकार ने लिया, हमने लिया, डा. मनमोहन सिंह साहब के नेतृत्व में लिया, शरद पवार जी के नेतृत्व में लिया। अब आप उधर चले गए हैं, तो इस बात को आप बहुत जल्दी भूल गए, लेकिन मैं आपसे कहना चाहूँगा ...(**व्यवधान**)...

श्री रामदास अठावले : उसका निर्णय आपने लिया, यह बात सही है, लेकिन उसका भूमि पूजन करने में आपने बहुत साल लगाए। ...(**व्यवधान**)... डिप्टी चेयरमैन सर, निर्णय इनकी सरकार ने अनाउंस किया था, लेकिन इन्होंने उसका भूमि पूजन जल्दी नहीं किया, उसमें इन्होंने बहुत साल लगाए।

श्री प्रफुल्ल पटेल : अच्छा ठीक है, थैंक यू। चूंकि ये खड़े हो गए, इसलिए अब मैं एक बात कहना चाहता हूँ कि यह जो इनटॉलरेंस की डिबेट हो रही है, इसके लिए मैं टॉलरेंस की बात बताना चाहता हूँ। हमारे नेता शरद पवार जी महाराष्ट्र के मुख्य मंत्री थे। मैं आपसे यह बात फख के साथ कहना चाहता हूँ। उस वक्त हम कांग्रेस में थे। रामदास जी यहां विटनेस हैं, ये उस समय अलायंस में हमारे साथी थे। रामदास अठावले जी, आर.एस. गवई साहब, योगेंद्र कवाडे जी, प्रकाश अम्बेडकर जी और सुशील कुमार शिन्दे जी, हमारे ये पांचों नेता उस समय लोक सभा में महाराष्ट्र में ओपन सीट से जीतकर आए, यह भी टॉलरेंस की एक मिसाल है। आप वहां गए तो हार गए, मगर ...(**व्यवधान**)... अभी इनको मंत्री नहीं बनाया है। ये एक बार हार गए तो इनको वहां पर शरद पवार जी ने तुरंत मंत्री बनाया। यह ठीक बात है?

श्री रामदास अठावले: नहीं-नहीं। उन्होंने पहले ही बनाया था।

श्री प्रफुल्ल पटेल: हां-हां, पहले ही तो बनाया था।

श्री रामदास अठावले: जब मैंने महाराष्ट्र में कांग्रेस को सपोर्ट किया, तो मुझे महाराष्ट्र में कैबिनेट मंत्री बनाया था, लेकिन शिरडी में आप लोगों ने मुझे हराया, इसलिए मैं इधर आ गया।

श्री प्रफुल्ल पटेल: महोदय, मैं इस पर कुछ ज्यादा राजनीतिक चर्चा नहीं करूंगा। ...(**व्यवधान**)...

श्री हुसैन दलवई (महाराष्ट्र): महोदय, जब एक भी आदमी चुनकर नहीं आया, तो भी शरद पवार जी ने उन्हें बुलाया। उसमें मैं भी था, वे मुझसे बोले कि उन्हें लाइए, वे आपके दोस्त हैं। उन्होंने उन्हें मंत्री बनाने का काम किया, जबकि वे उस समय केवल कार्यकर्ता थे। वे मंत्री बनना भी नहीं चाहते थे, क्योंकि वे तो केवल कार्यकर्ता थे इसलिए बोले कि मैं कैसे मंत्री बनूं? ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: All right; all right.

श्री प्रफुल्ल पटेलः उपसभापति महोदय, मैं इतना ही कहूंगा कि बहुत सारी बातें हो रही हैं। यह अच्छी बात है कि हमारा लोकतंत्र मजबूत हो। यह हम सब के लिए अच्छी बात है और खुशी की बात है। हम लोग अपने देश के कांस्टीट्यूशन की रक्षा और कांस्टीट्यूशन के माध्यम से देश को आगे बढ़ा सकें और इसके लिए सब लोग मिलकर काम कर सकें, यही तो हम चाहते हैं।

महोदय, डा. अम्बेडकर को केवल संविधान के शिल्पकार के नाम से पहचाना जाता है। अक्सर चर्चा यही होती है कि वे संविधान के शिल्पकार थे, लेकिन बहुत कम लोग इस बात को जानते होंगे कि उनकी सबसे पहली पी.एच डी., इकनॉमिक्स में थी। उनका डॉक्टरेट किस चीज में था — His thesis was on 'The Problem of Rupee'. इस बात को भी बहुत कम लोग जानते हैं कि आजादी के पहले जो अंतरिम सरकार बनी थी, उसमें उन्होंने वॉटर रिसोर्सेस मंत्रालय, एनर्जी मंत्रालय और लेबर मंत्रालय आदि मंत्रालयों की जिम्मेदारी स्वीकार की थी।

महोदय, यह भी बहुत कम लोगों को मालूम है कि भाखड़ा नांगल या दामोदर वैली जैसे जो हमारे बहुत महत्वपूर्ण संस्थान हैं, इनके सही शिल्पकार डा. बाबा साहेब अम्बेडकर थे। बहुत कम लोग जानते हैं ...(**व्यवधान**)... उनकी कल्पना थी। बनाने का काम तो जो भी सरकार होगी, वह करेगी ही।

SHRI D. RAJA (Tamil Nadu): Yes, you are right.

SHRI PRAFUL PATEL: I am quoting a fact. I am not involved in politics on a debate like this. I am just quoting. Those who are from Punjab, they should realize it. स्टेट इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड की कल्पना और निर्मिति डा. भीमराव अम्बेडकर की थी। नैशनल ग्रिड बनना चाहिए, यह कल्पना भी उन्हीं की थी। आप उस समय की सरकार के पुराने कागजात देखिए। आपके पास तो सब कागज हैं। आप देखिए कि कहां से इन सारी बातों की कल्पना हुई।

महोदय, डा. अम्बेडकर के जीवन को हम लोगों ने कभी चर्चा का विषय नहीं बनाया। हम लोगों ने डा. अम्बेडकर के बारे में जब भी बात की, तो सिर्फ संविधान के शिल्पकार के रूप में की और सोशल रिफॉर्मर के रूप में बात की, यह खुशी की बात है। वे ये तो थे ही, लेकिन इसके साथ-साथ उन्होंने इस देश को इकनॉमिक डायरैक्शन और विज़न देने का काम किया है। इसीलिए, हम आज जब एक प्रकार से, एक ऐसे महान व्यक्ति के स्मरण में यहां चर्चा करते हैं... हम अपने संविधान के बारे में चर्चा करते हैं तो कहीं न कहीं आपको और हमें विचार करना होगा कि किस तरह से हम अपने देश का भविष्य सुरक्षित कर सकते हैं। देश में ऊंच-नीच, दलित-आदिवासी के ऊपर अत्याचार और माइनॉरिटीज़ के बारे में हम लोग रोज़ चर्चा करें, यह हमारे लिए कोई बहुत शोभा देने वाली बात नहीं है। कहीं न कहीं हम अपने देश को एक कैसे कर सकते हैं, इसके बारे में चिंतन करना जरूरी है। इसलिए अंत में, I am just reading out one paragraph of his speech. I am saying this only because I have heard many speeches, not many people have quoted him, but I think this is a very relevant paragraph, I read this and I close. I think it will capture the essence and that will be a true tribute to Dr. Ambedkar. He said:

> "In this country, both the minorities and the majorities have followed a wrong path. It is wrong for the majority to deny the existence of minorities.

[Shri Praful Patel]

> It is equally wrong for the minorities to perpetuate themselves. A solution must be found which will serve a double purpose. It must recognise the existence of the minorities to start with. It must also be such that it will enable majorities and minorities to merge some day into one. The solution proposed by the Constituent Assembly is to be welcomed because it is a solution which serves this two-fold purpose. To diehards who have developed a kind of fanaticism against minority protection, I would like to say two things. One is that minorities are an explosive force, which if it erupts, can blow up the fabric of the State. The history of Europe bears ample and appalling testimony to this fact. The other is that the minorities in India have agreed to place their existence in the hands of majority. In the history of negotiations for preventing the partition of Ireland, Redmond said to Carson, Ask for any safeguard you like for the Protestant minority, but let us have a united Ireland. Carson's reply was, "Damn your safeguards. We don't want to be ruled by you. No minority in India has taken this stand. -- This is very important -- They have loyally accepted the rule of the majority which is basically a communal majority and not a political majority. It is for the majority to realise its duty not to discriminate against minorities. Whether the minorities will continue or will vanish must depend upon this habit of the majority. The moment the majority loses the habit of discriminating against the minority, the minorities can have no ground to exist. They also will vanish."

So, this is what Dr. Ambedkar said. Today, if we really want to pay a tribute to Dr. Ambedkar and to the Constitution of India, which we have all accepted, I think, we will have to go back to history and read what he said, what he professed 60,70, or 80 years ago and that still is very valid today. Sorry, Mr. Deputy Chairman, Sir, in spite of all our good intentions, we may have a Constitution, we may celebrate it, we may have every 26th November as the Constitution Day of India; there is nothing bad about it, but if you do not espouse the spirit and live and work with the spirit of the Constitution, and the people who enacted the Constitution, I think this will be the farce of democracy. With these words, let us all work together to celebrate our great Constitution and pay a tribute to Dr. Ambedkar. Thank you.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you, Mr. Praful Patel. Now, Shri K.T.S. Tulsi.

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुख्तार अब्बास नकवी): सर, बहस बहुत ही पॉज़िटिव हो रही है, अच्छी हो रही है। अभी प्रफुल्ल पटेल जी ने भी बहुत अच्छी बात कही, लेकिन चूंकि हमारे पास समय कम है, आज इस

चर्चा को हमें खत्म करना है, इसलिए हमें लगता है कि समय के अंदर ही, जो वक्ता बोलने वाले हैं, अपनी बात को खत्म करें, यह मेरा चेयर से निवेदन है।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I hope all of you heard. ...(*Interruptions*)...

SHRI NARESH GUJRAL (Punjab): Sir, when it comes to the turn of small parties, we are given two minutes, which is not fair.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, no; no question of two minutes.

SHRI NARESH GUJRAL: We came to your Chamber. You assured us that if we participate in the debate, we will also be given proper time.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Do you want two minutes? ...(*Interruptions*)... What are you talking? There is no question of two minutes. ...(*Interruptions*)... I tell you that the smaller parties categorised as 'Others' can speak from 7 to 10 minutes. Athawaleji, let me complete. ...(*Interruptions*)...

श्री रामदास अठावलेः सर, मुझे ज्यादा टाइम चाहिए। **...(व्यवधान)...**

श्री उपसभापतिः अठावले जी, आप सुनिए। **...(व्यवधान)...** All what Athawaleji said is that we should conclude the discussion, if possible, tomorrow. That is one thing. But there was also a suggestion that tomorrow we may not have Zero Hour, etc., and, then, if it is not over, we can continue this also. That suggestion was also there. But it is for the House to decide. ...(*Interruptions*)... No, no, I have not taken any decision. I have only said this. But, however, I am saying ...

THE LEADER OF THE OPPOSITION (SHRI GHULAM NABI AZAD): If we do not conclude it, we should continue it till tomorrow.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: That we will have to. If we do not conclude it, we will have to do that. However, that doesn't mean that you should make your speech longer and longer. ...(*Interruptions*)... I am trying to accommodate all. But have self-control and self-restraint so that you try to be within your time. But I can again assure Mr. Gujral that if you want eight-ten minutes, you can take. But those who want to finish it in five minutes, let them do it. See, there are good speakers who can give brief speeches and bring every point in five minutes. Why do you worry about them? ...(*Interruptions*)... Let them do it. ...(*Interruptions*)...

SHRI MUKHTAR ABBAS NAQVI: Sir, good speakers like Mr. Athawale can finish it in three minutes. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Yeah. Mr. Raja is here who always speaks five-six minutes and includes all points. ...(*Interruptions*)... Okay. Sorry. Yes, Mr. Tulsi.

SHRI K. T. S. TULSI (Nominated): Thank you hon. Deputy Chairman, Sir, for giving me this opportunity.

[THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T. K. RANGARAJAN) *in the Chair*]

I have always believed that the Constitution of India is the best Constitution in the world. As the clock struck midnight on the 15th of August, the Constitution of India not only gave us a right to equality but also gave a vote, treated men and women equal, rich and poor equal. Majority and minority were given the same rights; landlords and landless had one vote; industrialists and labourers had one vote. It is a freedom. Apart from the nine freedoms that are guaranteed by the Constitution of India, one of the freedoms is also the freedom of religion. So, therefore, I feel that while Guru Gobind Singhji gave us a turban, it is the Constitution of India which gives me the right to wear it. And, I am sure, in this country, no one will take that away. I am a bit surprised that the hon. Home Minister did not choose to express outrage over intolerance but he instead was outraged by secularism. Secularism is the cornerstone of the Constitution, and I am a bit appalled that the learned Home Minister did not take into account the times during which the Constitution was made. This Constitution was made at a time of Partition which experienced most gruesome killing of more than a million people, more were raped, when hundreds and thousands of houses were burnt and many more million people were uprooted from one part of the country to the other. The learned Home Minister did not, perhaps, take into account that the nation of India was founded on the debris of a monumental tragedy where over a million people had lost their lives. It is during this mayhem that was going on that the Constituent Assembly debated and decided on the values of our Constitution. The Constituent Assembly realized that unless paramount, significant importance was given to secularism, the nation could not be united. And, that is why, by making secularism a core value, the Constitution gave a guarantee against a theocratic state. It also gave an assurance to everyone that India was not going to be a Hindu nation; it is not going to be the same as Pakistan, which was founded on religion. The surgical wounds of Partition were thus treated by the Constitution-makers with the medicine of secularism. I wish, the learned Home Minister would have realized the significance of this and not only that this guarantee was given at that time. I believe that the liberal and secular values of this country have made us a great nation over the years. It is on account of this that India has progressed. It healed the wounds of Partition. In comparison with the Muslims in the world, the Indian Muslim, I believe, because of the secular character of the Constitution, has been most peaceful. They have stayed away from the wars of the Muslims across the world. Whether it was Pakistan, Afghanistan, Libya, Iraq, Syria or Egypt, the Indian

Muslim has remain unconcerned about those developments and he has reused to join the *Taliban* or *Al-Qaeda*. But for a few aberrations, the Indian Muslim has been a loyal and patriotic citizen because of secularism. The equality, the representation given to the Muslims, the freedom to settle anywhere and the guarantee of education and employment have strengthened secularism and Indian Muslims have never waged a war against the nation. A few aberrations cannot be taken as an act of significant disloyalty. The successive governments in this country have also lived up to the pledge of secularism. There may be many grievances, but they have largely been resolved by dialogue. The freedom of speech was a freedom guaranteed not only on paper, but was actually implemented on the ground. The Constitution and successive governments drew inspiration from *Ashoka*. Our forefathers asked us to respect differences amongst each other and the Constitution-makers told us that all of us would equally belong to India. The Indian Muslim, I want to submit, is not a first or a second generation resident of India and that is why, sometimes when the statement is made by Ministers, Chief Ministers and others that *Hindustan* is for *Hindus* and the others can go away, I want to say to them that the Indian Muslim has not come from anywhere; they have been living here for centuries and they have nowhere to go. There have been loss of lives in our country. There has been communal violence, but I want to submit that it has been only an aberration. If you consider the violence that has been let loose by the West on the Muslims of the world, the US War on Terror has killed two million Muslims since 9/11. In Iraq and Afghanistan, more than four million Muslims have been killed. In India, there have been violence and casualty, at the most, in a couple of hundreds. Those are only aberrations and those kinds of differences cannot be used for dubbing the entire Muslim community that they can go away. I also want to mention that I am terribly disappointed with the political slant that has been given by the Government to the *satyagrah* by artistes, *satyagrah* of poets, *satyagrah* of writers, scientists and historians against intolerance. I thought that the Government would like to reinforce with full vigour the idea of India and say that physical violence can never be an answer to a contrary opinion. But nothing of the sort happened. I don't know why we don't realize that a few incidents did create a sense of fear amongst the sensitive artistes, the sensitive souls which are artistes, etc., and all that artistes can do is make a symbolic protest and that symbolic protest is in the form of return of awards. These awards are earned by them with sweat and tears of lifelong work and these awards are dearer to these people than their own children. They are the highest points of their lives. And if they are returning it, instead of understanding their pain and their anguish and healing their wounds and addressing their fears, a political twist is given by saying that this is a manufactured rebellion. The Government fails to realize that there is always a

[Shri K. T. S. Tulsi]

tipping point and in this tipping point perhaps was arrived when a person, on a mere rumour, was killed in a most brutal fashion in his own house. Also, they say, why they are protesting now. My answer to the Government is, they are protesting now because the tipping point is reached. When Nirbhaya incident took place, lakhs of people collected in India Gate lawns. Never before had they collected for protesting against a rape? Rape takes place every hour in India but there was a tipping point, the horror of the crime, which brought people out of their homes. Could anybody ask them why now these are things which happen and which have to be understood in the correct perspective? I do believe that Bihar Assembly results will clear the clouds on the idea of India. People have voted resoundingly for freedom, for debate, for diversity, for tolerance; they have voted for the idea of Mahatma Gandhi; they have voted for Tagore; they have reasserted the constitutional pledge of the freedom of religion. I beg this Government not to write off the intellectuals. They are the pride of the nation and they have done yeomen's service in the making of India. Please talk to them, engage them and understand them, and, for God's sake, don't abuse them with the judgement of manufactured protest. Thank you.

श्री राम कुमार कश्यप (हरियाणा) : उपसभाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे संविधान दिवस पर बोलने का मौका दिया, मैं इसके लिए आपका आभार प्रकट करता हूं। आजादी के बाद पहली बार 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया, यह सरकार का बहुत ही सराहनीय कदम है। मैं इसके लिए माननीय प्रधान मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं। इसके जरिए हमारी जनता और विशेष रूप से युवा वर्ग को संविधान के बारे में तथा संविधान निर्माता डा. भीमराव अम्बेडकर के विचारों और उनके जीवन के बारे में जानने का मौका मिलेगा। मैं यह कहना चाहता हूं कि इस प्रकार के प्रोग्राम हर साल होने चाहिए, ताकि जनता को संविधान के बारे में जानकारी मिल सके और वह अपना विकास कर सके। उपसभाध्यक्ष महोदय, संविधान के निर्माण में डा. अम्बेडकर का अहम योगदान है। डा. अम्बेडकर अपने स्वास्थ्य की चिंता न करते हुए दिन-रात संविधान का मसौदा तैयार करने में व्यस्त रहे। भिन्न-भिन्न धर्मों, जातियों, भाषाओं और रहन-सहन वाले देश को एक सूत्र में बाँध कर एकत्रित रख सकने वाले संविधान की उन्होंने रचना की। संविधान का खाका 4 नवंबर, 1948 को संविधान सभा में विचार के लिए प्रस्तुत किया गया। उन्होंने अपने भाषण में संविधान की विशेषताओं का विश्लेषण किया। भाषण का समापन करते हुए डा. अम्बेडकर ने कहा था, "यह संविधान प्रत्यक्ष व्यवहार में लाने योग्य है, लचीला है, साथ ही शान्ति के दिनों या युद्ध काल में देश की एकता को एक सूत्र में बांधे रखने के लिए अत्यंत प्रभावशाली और सक्षम है। यदि संविधान का सही प्रकार से अनुसरण नहीं हो पाया, तो यह कहना होगा कि दोष संविधान का नहीं, बल्कि मनुष्यों में बसे अवगुणों का है"। 26 नवंबर, 1949 को अंतिम रूप से संविधान के ड्राफ्ट को स्वीकार किया गया और 26 जनवरी, 1950 को संविधान सभा के सभी सदस्यों के हस्ताक्षर के बाद संविधान को देश में लागू किया गया।

इस संविधान के निर्माण में बाबा साहेब अम्बेडकर का अहम योगदान रहा। उनके कारण ही

संविधान में धर्म की स्वतंत्रता तथा विस्तृत नागरिक आजादी की आधारशिला रखी गई। उनके कारण ही छुआछूत का अंत हुआ। प्रीतम रामदासपुरी के शब्दों में अम्बेडकर के योगदान को इस प्रकार दर्शाया गया है।

"इन ख़िज़ाओं में बहारों का समां पैदा किया,
अपने फिक्रे नुक्ता आरा से विधां पैदा किया,
यानी फिर से इक नया हिन्दोस्तां पैदा किया,
हिन्द का आईन तेरा पर तू एजाज़ है,
हिन्दोस्तां को हस्ती ए अम्बेडकर पर नाज़ है।"

— अर्थात् हिन्दी में,

"पतझड़ में तूने बहारों का दृश्य पैदा कर दिया,
और अपने विशेष चिन्तन से विधान को जन्म दिया,
अर्थात् तूने फिर से एक बार भारत का निर्माण किया,
भारत का संविधान तेरा चमत्कार है
ऐ अम्बेडकर, तेरे महान व्यक्तित्व पर भारत को अभिमान है"।

हमारा संविधान सहज, सफल व प्रगतिशील है। संविधान को बने 66 वर्ष हो गए हैं। इन 66 वर्षों में हमारे देश में 16 लोक सभा के और 300 विधान सभा के चुनाव हुए। इन चुनावों में बहुत ही आसानी से सत्ता का हस्तांतरण होता रहा है। यह हमारे संविधान की सफलता का सबसे बड़ा उदाहरण है।

हमारे संविधान ने हमें बहुत सी चीजें दीं और इसकी बहुत सी विशेषताएँ हैं। इनमें से मुख्य है – वोट का अधिकार। उन्होंने हमें यह एक बहुत ही बढ़िया अधिकार दिया है। आजादी से पहले सभी को वोट का अधिकार नहीं था। वोट का अधिकार कुछ लोगों तक ही सीमित था। उन लोगों को ही वोट का अधिकार था, जिनके पास जायदाद थी या जो पढ़े-लिखे होते थे। इस बात की कल्पना की जा सकती है कि उस समय कितने लोगों के पास जायदाद होगी और कितने लोग पढ़े-लिखे होंगे। जब ऐसा था, तो उस समय कितने लोगों को वोट का अधिकार होगा। आज इस संविधान में डा. अम्बेडकर ने हरेक नागरिक को, चाहे वह गरीब हो या अमीर, चाहे वह छोटा हो या बड़ा, चाहे स्त्री हो या पुरुष हो, सभी को वोट का अधिकार दिया है। इस वोट के अधिकार से हरेक नागरिक अपनी ताकत से आगे बढ़ने का काम करता है और अपना विकास करता है। मैं यहां तक कह सकता हूँ कि वोट की ताकत इतनी बड़ी ताकत है कि इस वोट की ताकत से हरेक नागरिक आगे बढ़ने का काम कर सकता है। जो काम वह बड़ी-बड़ी डिग्री लेकर नहीं कर सकता है, वोट की ताकत का सहारा लेकर वह बड़े-से-बड़े पद पर जा सकता है। वह एमएलए बन सकता है, वह एमपी बन सकता है, वह मिनिस्टर बन सकता है, वह प्राइम मिनिस्टर बन सकता है, वह राष्ट्रपति बन सकता है। यह ताकत किसने दी? यह ताकत हमारे संविधान निर्माताओं ने दी, डा. अम्बेडकर साहब ने दी। मैं इसके लिए उनको बधाई देना चाहता हूँ।

साथियों, इसके बाद मौलिक अधिकार की बात आती है। आजादी से पहले हमें मौलिक अधिकार नहीं थे, हमें बोलने की आजादी नहीं थी, हमें अपना काम-धंधा करने की आजादी नहीं थी, हमें

[श्री राम कुमार कश्यप]

3.00 P.M.

अपने धर्म में विश्वास करने की आजादी नहीं थी। इस संविधान ने हमें मौलिक अधिकार दिए। आज इन मौलिक अधिकारों का प्रयोग करके हम अपने आपको विकास के रास्ते पर आगे बढ़ा रहे हैं।

मैं यह कहना चाहूँगा कि उस समय महिलाओं को भी वोट का अधिकार नहीं था। वह वोट का अधिकार भी हमारे संविधान ने दिया है। इस वोट के अधिकार के कारण ही आज राज्य सभा में 31 महिलाएँ एमपी हैं और इस सदन में सुशोभित हैं। यह हमारे संविधान की ही विशेषता है।

अब मैं छुआछूत के अंत के बारे में कुछ कहना चाहता हूँ। आजादी से पहले हमारे देश में छुआछूत का बड़ा जोर था, समाज में बहुत सी कुरीतियां थीं। समाज के छोटे वर्गों को बहुत ही नीची नजरों से देखा जाता था। यहां तक कि मैंने अपने बचपन में देखा है कि सवर्ण जाति के लोग चारपाई पर पैर फैलाए बैठे होते थे और जब कोई शूद्र या दलित उनसे मिलने जाता था, तो वह उनके पैरों के सामने बैठ कर हाथ जोड़े रहता था और उनका आदेश सुनता रहता था। इस प्रकार का समाज था। उस समाज को बदलने का काम किसने किया? यह काम अम्बेडकर साहब ने किया।

स्वयं अम्बेडकर साहब को अपने जीवन में उन्हीं यातनाओं का सामना करना पड़ा था। उन्होंने छुआछूत को खत्म कराया। आज सभी भाई बराबर हैं, सब साथ बैठते हैं, सभी एक-साथ बैठकर खाना खाते हैं। यह किसकी देन है? हमारे संविधान की देन है, अम्बेडकर साहब की देन है, विधान सभा, विधायिका के अन्य सदस्यगणों की देन है। उस समय एक कंसेप्ट और था— 'शूद्र, पशु और नारी, ये प्रताड़ना के अधिकारी'। शूद्रों के साथ एक प्रकार का दुर्व्यवहार किया जाता था, नारियों के साथ इसी प्रकार का दुर्व्यवहार किया जाता था। इस कंसेप्ट को किसने खत्म कराया? इस कंसेप्ट को डा. अम्बेडकर साहब ने खत्म कराया। मैं अम्बेडकर साहब को इसके लिए बधाई देना चाहता हूँ। जो एससी, एसटी के लोग हैं, उन्होंने उनको राजनीति में, नौकरी और शिक्षा में आरक्षण दिया, जो वाकई इसके हकदार थे, क्योंकि विकास की स्पीड में ये लोग काफी पीछे रह गए थे। उनको साथ लाने के लिए संविधान में जो आरक्षण का प्रावधान किया, वह इनका बहुत ही सराहनीय कदम है। इसके कारण ही आज हमारे दलित भाई राजनीति में हैं, उच्च पदों पर हैं, शिक्षा में आगे हैं, नौकरी में आगे हैं। यह इसी संविधान की देन है। मैं इसके लिए डॉ अम्बेडकर साहब को बधाई देना चाहता हूँ।

उपसभाध्यक्ष जी, जब वी. पी. सिंह साहब की सरकार थी, उस समय पिछड़े वर्गों के लिए नौकरियों और शिक्षा में 27 परसेंट के आरक्षण का प्रावधान किया गया, जिसके बूते पर उनके आगे बढ़ने का काम हो रहा है। मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहूंगा कि राजनीति में भी अगर पिछड़ों को 27 परसेंट आरक्षण मिलेगा, तो ये पिछड़े वर्ग के लोग भी आगे बढ़ने का काम करेंगे। इसके लिए मैं सभी राजनीतिक पार्टियों से भी अनुरोध करूंगा कि वे भी इसके लिए सहयोग देने का काम करें। अम्बेडकर साहब के योगदान को देखते हुए अटल जी की सरकार की अनुशंसा में उनको भारत-रत्न की उपाधि देने का काम किया गया और उसको देने में हमारी पार्टी के नेता स्वर्गीय ताऊ देवीलाल जी का विशेष योगदान रहा। वे इसके हकदार थे।

महोदय, अंत में, मैं एक बात बड़े खेद के साथ कहना चाहता हूँ। मैं हरियाणा से आता हूँ, कुरुक्षेत्र में रहता हूँ। जब सारा देश 26 नवंबर को "संविधान-दिवस" मना रहा था, बाबा साहेब की जयंती मना रहा था, तो कुरुक्षेत्र में एक घिनौना काम हुआ। उनकी मूर्ति को किसी असामाजिक तत्व ने, बैड एलिमेंट ने खंडित करने का काम किया। मैं इसकी घोर निंदा करता हूँ और सरकार से निवेदन करता हूँ कि वह इस ओर ध्यान दे कि आगे से इस प्रकार की घिनौनी हरकतें न हों। किसी की भी मूर्ति हो, उन मूर्तियों की सुरक्षा का प्रावधान होना चाहिए। मैं कुरुक्षेत्र प्रशासन को बधाई देना चाहता हूँ कि प्रशासन ने हरकत में आकर लोगों को आश्वासन दिया है और आगे उनकी कांसे की मूर्ति बनाने की बात कही है।

मैं सरकार से एक और निवेदन करना चाहूंगा कि दो दिन से संविधान के ऊपर और डा. अम्बेडकर साहब के ऊपर सदन में बड़ी चर्चा हो रही है। चर्चा के अंत में इसके ऊपर समराइज होकर, सारा विचार होकर जो संविधान में कमियां सामने आई हैं, उनको ठीक करने का काम किया जाए और हम सब लोगों को, सरकारों को डा. अम्बेडकर साहब के बताए रास्ते पर चलना चाहिए, ताकि देश का विकास हो सके।

अंत में, एक कविता के माध्यम से मैं अपनी बात खत्म करना चाहूंगा—

"निराली शान से रहा, जब तक जिंदा।
चला है सूए अदम शाने, इनफरादी से।
जहां फानी से रखते सफर वह बांध चला।
कभी जो जा न सकेगा दिलों की वादी से।"

जय भारत। जय भीम।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.K. RANGARAJAN): Thank you. Now, Shri M.J. Akbar.

SHRI MUKHTAR ABBAS NAQVI: Sir, it is the maiden speech of Shri M.J. Akbar. सर, पहली बार बोल रहे हैं।

SHRI M. J. AKBAR (Jharkhand): Mr. Vice-Chairman, Sir, with your permission, I rise to speak here. It is always a high honour to speak in a Chamber that echoes with the sense and sensibility of our modern history, and, it is even a higher honour to speak on the occasion when we speak in memory of Dr. Ambedkar.

सर, कई जिंदगियां ऐसी होती हैं, जब मैं उनके बारे में पढ़ता हूँ, तो मुझे लगता है, ये ऐसी जिंदगियां हैं, जिन्होंने हमारे इतिहास को रचा है। हमें लगता है कि कहीं न कहीं उनकी नींव जो है, किसी एक दर्द में बसी हुई है। एक समय था, वह कहानी शायद आप सबको मालूम है कि गांधी जी एक ट्रेन में बैठे थे और वहां साउथ अफ्रीका में उनके साथ जो हुआ, उनके साथ जो गुजरी, उनके मन पर गुजरी, उनके दिल पर गुजरी, वहां से एक नया विज़न निकला और वह विज़न हमें और सारी दुनिया को आजादी के रास्ते पर ले चला। उसी वक्त, उसी समय की एक और कहानी थी, जिस कहानी को हम शायद भूल गए हैं। मैं जब अपनी पार्लियामेंट की लाइब्रेरी में रिसर्च कर रहा था, तब यह कहानी मुझे नज़र आई। जब बाबा साहेब अम्बेडकर बच्चे थे, उस

[Shri M. J. Akbar]

समय अपने भाई और अपने कज़िन के साथ वे ट्रेन पर बैठे और अपने वालिद को मिलने गए। महाराष्ट्र में एक गांव है, गोरेगांव, वहां उनके वालिद की पोस्टिंग हुई थी। जब वे वहां पहुंचे, तो जो चिट्ठी भेजी गई थी, वह चिट्ठी उनके वालिद को नहीं मिली थी। जब वे स्टेशन पर उतरे, उन्होंने स्टेशन मास्टर को देखा, लेकिन वहां कोई उन्हें लेने नहीं आया था। तब उन्होंने वहां से एक बैलगाड़ी ली, लेकिन कुछ ही क्षणों में बैलगाड़ी का जो मालिक था, उसे पता चल गया कि यह दलित है, तो उसने उन्हें अपनी बैलगाड़ी से नीचे उतार दिया। यह घटना उस बच्चे के दिल पर लग गई।

महानता के ऊपर स्मारक तो बहुत बनते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि एक-दो स्मारक दर्द के भी बनने चाहिए। उस गांव में जाकर हम एक स्मारक बनवा दें। हम अगर याद दिलाएं, चलो साउथ अफ्रीका में तो रेसिज्म होता था, लेकिन हमारे मुल्क़ में भी कम नहीं होता था, लेकिन हम कभी-कभी अपनी याददाश्त कमज़ोर कर देते हैं। अम्बेडकर जी की जिन्दगी का जो अंश था, जिसके बारे में आज हम मिले हैं, वह है उनका relationship to the Constitution of India. He was certainly not the only architect, लेकिन वे प्रिंसिपल आर्किटेक्ट थे। हम उन्हें क्यों याद करते हैं, उसका एक कारण तो प्रैक्टिकल है, लेकिन शायद आपको और इस सदन को यह जानकर आश्चर्य होगा कि उन्होंने सारी ड्राफ्टिंग 141 दिन में खत्म कर दी थी। सिर्फ 141 वर्किंग डेज़ के अन्दर ही उन्होंने यह काम खत्म कर दिया था और मैं कभी-कभी सोचता हूं, प्लीज़, आप इसको पार्टिज्म मत समझें, 141 महीने हो गए और आज तक हम जीएसटी बिल को पास नहीं कर सके हैं । ....(**व्यवधान**)... चाहे जिसकी गलती भी हो, देखिए, सब लोग इस चीज़ में शामिल हैं। मैं इसमें पार्टिज्म नहीं लाना चाहता। सच में नहीं लाना चाहता।

मुख्तार अब्बास नक़वी : यह माननीय सदस्य की मेडन स्पीच है। पहले इन्हें अपनी बात सदन के सामने रख लेने दीजिए।

श्री एम.जे. अकबर : उनका जो 141 दिन का काम था, अगर हमें उसके बारे में समझना है, शायद अभी भी लोग श्री टी. टी. कृष्णमचारी का नाम याद करते होंगे, मैं उनको क्वोट करना चाहता हूं, जिससे यह बात क्लीयर हो जाएगी कि एक्चुअली उनको ड्राफ्टिंग कमेटी का फादर या वालिद क्यों कहा जाता है? इसी सदन में, यानी कांस्टीट्यूएंट असैम्बली में उन्होंने बताया कि हम क्यों इनका आदर करते हैं, क्यों सम्मान दे रहे हैं? यह कमेटी सात मेम्बर्स की थी, of seven, one resigned, but was replaced; one died, not replaced; one away in America for a long period; another engaged in State affairs; and two lived far away from Delhi, and health could not permit frequent travel. So, actually, the heavy lifting of the Constitution was done by Dr. Ambedkar. The other Committee members did not lend their weight to the Committee. उनकी जो जगह है, वह बहुत महत्वपूर्ण है और इसीलिए मैं समझता हूं कि आज उनको याद रखना बहुत जरूरी है। इतिहास के बारे में बहुत से लोगों ने अपनी बात कही है, मैं समझता हूं कि यह भी एक सूचना है।

मैं एक बात और भी कहना चाहता हूं। I yield to no one in my admiration to Jawaharlal Nehru, मैंने उनके ऊपर किताब लिखी है। I admire him. But all text should be put into context. That is the responsibility of anyone trying to remember history. 1946 में

इंटेरिम गवर्नमेंट बनी थी। अम्बेडकर जी उस वक्त वायसराय काउंसिल के लेबर मेम्बर थे, लेकिन 1946 में उनको सरकार में नहीं लिया गया, वहीं जगजीवन राम, जिनकी उम्र मेरे ख्याल से उस वक्त 27-28 वर्ष भी नहीं थी, उनको कैबिनेट में ले लिया गया। मैं यह बताना चाहूंगा कि यह कांस्टीट्यूएंट असैम्बली आज़ादी से पहले की है, ड्राफ्टिंग कमेटी बनने से पहले की है। अगर हमें समझना है कि ड्राफ्ट कमेटी में उन्होंने क्या किया, तो दिसम्बर, 1946 में objective resolution के बारे में उनकी जो स्पीच है, जिसके बारे में मेरे मित्र गुलाम नबी जी ने भी बहुत कहा है और सही कहा है, उसे समझना जरूरी है। वे Constituent Assembly में बंगाल से आये, यहां पर यह भी बहुत कहा गया, लेकिन शायद किसी ने इसे याद नहीं किया कि किस पार्टी द्वारा उनको लाया गया। ज़रा सा खोज लीजिएगा तो आश्चर्य होगा, क्योंकि मैं यह बोलने नहीं वाला हूँ। वे वहां से आये, तो objective resolution जब पास हुआ, तो मैं समझता हूँ कि Constitution का जो operative fundamental principle है, वह उन्होंने अपनी स्पीच में—13 दिसम्बर को जवाहरलाल नेहरू ने अपने objective resolution में, as usual, Jawaharlal was very eloquent, उन्होंने कहा कि this is a contract with millions of Indians and, therefore, in the nature of an oath, which we mean to keep. तो इस objective resolution के क्लॉज़ 5 और क्लॉज़ 6 तो आप सब जानते हैं, आपने देखा भी होगा। 17 दिसम्बर, 1946 को अम्बेडकर साहब इस सदन में उठते हैं और वे कहते हैं कि मैं जवाहरलाल की sincerity के ऊपर उँगली नहीं उठाता हूँ। शायद उनका दिल अगर तड़प रहा था, तो इसलिए तड़प रहा था कि जवाहरलाल जैसे एक व्यक्ति, एक सोशलिस्ट, एक हीरो की जब आशाएँ बड़ी होती हैं, तो दुख भी बड़ा होता है। तो जवाहरलाल के बारे में वे कहते हैं, जिसे मैं क्वोट करूँगा from that speech. "I must confess that, coming as the Resolution does from Pandit Jawaharlal Nehru who is reputed to be a Socialist, this Resolution, although non-controversial-- वह इसलिए non-controversial था, क्योंकि जो objective resolutions थे, वे हमारी आज़ादी के मूवमेंट का value system था, जो 1928 में मोती लाल नेहरु जी की 'नेहरु रिपोर्ट' थी, वहां से निकलते हुए थी और कराची रिजॉल्यूशन से निकलते हुए थी, सब सम्मिलित थी, मतलब सारे लोगों को उस पर कोई आपत्ति नहीं थी। "is, to my mind, very disappointing. I should have expected him to go further". क्यों? उन्होंने एक बहुत बड़ी बात कही। मैं समझता हूँ कि वह जो बात है, आज तक बहुत जबरदस्त और बहुत लागू है। He said, there cannot be any rights without remedies. आप मुझे क्या rights दे रहे हैं? आप remedy का रास्ता बताइए। जब तक remedy का रास्ता objectives में नहीं रहेगा, तब तक rights are, in his words, pure pedantry. यह principle उन्होंने फिर कांस्टीट्यूशन में इंट्रोड्यूस किया कि कांस्टीट्यूशन में रिजर्वेशन रहेगा, यह नहीं कि सिर्फ objective resolution में वादा बन कर रह जायेगा। Remedies का सिलसिला था। यह बात हम सब जानते हैं कि डा. अम्बेडकर की जो रिलेशनशिप गांधी जी के साथ थी, कभी कोऑपरेटिव थी, कभी adversarial थी। ऐसा इसलिए था, क्योंकि हर बार कहते थे कि भाई, सिर्फ बातों से बात नहीं बनेगी। हमें यह बताइए कि कानून क्या है और वह कानून कांस्टीट्यूशनल कैसे हो सकता है?

सर, हम सब कांस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया को ऐतिहासिक कहते हैं, लेकिन आखिर यह ऐतिहासिक क्यों है? अगर इसे ऐतिहासिक कहते हैं, तो हमें एक चीज़ समझनी पड़ेगी कि we can never say, anything is historical without understanding the historical moment in which

[Shri M. J. Akbar]

it was written. वह कौन सा moment था? सारी दुनिया के इतिहास में वह बहुत जबरदस्त moment था, क्योंकि अगर यूरोपियन कॉलोनाइजेशन इस देश से शुरू होता है, तो यूरोपियन कॉलोनाइजेशन इस देश से खत्म भी होता है। लेकिन इससे भी बड़ी बात 1947 और 1950 में हो रही थी। 1000 साल का जो इंटरनेशनल ऑर्डर था, वह 100 साल के अन्दर चूर हो गया। दुनिया के जितने महान एम्पायर्स थे, अगर चीन का हवाला देना है, तो 1840 या 1850 ले लीजिए, 1960 तक सारे खत्म हो गये। हिन्दुस्तान का मुगल एम्पायर, चीन का एम्पायर, पर्शिया का सफाविद एम्पायर, ऑटोमन एम्पायर, Tsarist Empire खत्म हो गये, Spanish Empire भी खत्म हो गया। उसके बाद अंत में अंग्रेज़ों ने कुछ वक्त इतिहास से मांग लिया, क्योंकि उन्होंने कॉलोनाइजेशन की जगह पर कई जगह neocolonisation को जन्म दे दिया। What is neocolonisation? Neocolonisation is the grant of independence as long as you don't exercise it. लेकिन, neocolonisation नहीं चल सका। यही मैं बार-बार कहता हूँ if the challenge of the 19th and 20th century was the challenge against colonisation, then the challenge of the 20th and 21st centuries is what do you do with nationalism. नेशन तो मिल गए लेकिन नेशन के साथ हम करें क्या? यह सवाल बहुत महत्वपूर्ण है। हम अपने आपको मॉडर्न नेशन कहते हैं। नेशन तो हैं, नेशन आज भी थे, कल भी थे लेकिन यह नेशन का मतलब सब समझते हैं? मॉडर्न का मतलब क्या हुआ, बताओ, और जब तक हम मॉडर्न का मतलब नहीं समझेंगे, हम मॉडर्नाइजेशन नहीं समझेंगे और मैं आपको कहता हूं कि अगर इतिहास सही से लिखा जाए तो Indian Constitution is the Magna Carta of the next five hundred years. क्योंकि Indian Constitution ने इस लफ्ज 'modernity' को define किया है। यह modernity क्या है? Modernity के चार basic non-negotiable principles हैं। एक तो है democracy, डेमोक्रेसी के बारे में ज्यादा चर्चा करने की जरूरत नहीं है। सब समझते हैं, डेमोक्रेसी, इसकी आजादी समझते हैं और कभी-कभी हम जरूरत से ज्यादा आजाद हो जाते हैं लेकिन वह भी सही है। दूसरा, इस बात को मैं खास तौर पर अपनी तरफ से इस पर जरा सा तवज्जह देना चाहता हूं। दूसरा, आप modern nation नहीं हो सकते हैं जब तक आपने अपने संविधान में faith equality का मतलब नहीं समझाया, उसको enshrine नहीं किया। आज जो दुनिया में लड़ाइयां हो रही हैं, जिसके बारे में भी चर्चा हुई है, वे सिर्फ इसलिए हो रही हैं कि हमारे पश्चिम में कई मुल्क हैं, जिन्होंने faith supremacy को मान लिया है। Faith supremacy modern देश में नहीं चल सकता। हां, विवाद होता है यहां पर लफ्ज़ 'secularism' का। मैं इसके बारे में बात करना चाहता हूं। मैं अपने आपको secular मानता हूं और इसके बारे में मैं चर्चा जरूर करना चाहता हूं। क्यों? सेक्युलर हमारे कांस्टीट्यूशन में शब्द है, लेकिन इसके मायने क्या हैं? यह यूरोप से निकला हुआ शब्द है। इसके दो political origins या दो sources हैं। एक है French Revolution, या तो Voltaire और Rousseau का मान लीजिए, which is separation of Church and State और या वह Karl Marx का मान लीजिए which is the abolition of Church यानी कि मज़हब को निकाल दो। *Majhab* is the opium of the masses. लेकिन हमारा जो secularism है वह इन दोनों से अलग है। हमारा secularism is not for the abolition of *majhab*. कोई भी यहां पर खड़ा होकर कह दे, हिन्दुस्तान में आप मज़हब को हटा दीजिए या धर्म को हटा दीजिए तो आप दो दिन नहीं चल पाएंगे। हम जरूर मानते हैं कि the State has no religion. But the reality is that we believe in the equality of faith rather than the separation or elimination

of faith. और यह बात सिर्फ हमारे कानून में नहीं है, यह हमारे ईमान में है। और इसीलिए गांधी जी हमारे secularism को "रामराज्य" कहते थे। क्या गांधी जी communal हो गए थे जब उन्होंने "रामराज्य" वर्ड का इस्तेमाल किया? क्यों उन्होंने इस्तेमाल किया था? क्योंकि वह हमारे यहां उदाहरण दे रहे थे कि हजारों साल से इस जमीन पर सर्व धर्म समभाव है। हमें सर्व धर्म समभाव के लिए किसी और से सीखने की जरूरत नहीं, यह कह रहे थे। और आपको मैं कहता हूं, उससे बढ़कर कहता हूं कि मेरा देश ऐसा देश है, मेरा देश एक वाहिद देश है जहां पर audible secularism है, यानी कि हर सुबह, आज से नहीं, 1400 सालों से हर सुबह शुरू होती है बिलाल की अज़ान से और उसके बाद हनुमान मंदिर की घंटी बजती है, उसके बाद गुरु का पाठ होता है और उसके बाद अगर इतवार हो तो चर्च की घंटी बजती है। आप वॉशिंगटन में चले जाइए, लंदन में चले जाइए, आपको अज़ान नहीं सुनाई देगी। और हमारे यहां जैसा मैंने कहा कि 1400 साल से अज़ान सुनाने दी गई है और 1400 साल आगे भी दी जाएगी। इसे कोई नहीं रोक सकता। इसलिए नहीं कि किसी सरकार ने इसको बचाया है, इसलिए कि हर हिन्दुस्तानी ने अज़ान को बचाया है। इसका मतलब है हिन्दुस्तान का secularism.

तीसरी बात gender equality की है। आप मॉडर्न देश नहीं बन सकते हैं, जब तक आपके देश में gender equality नहीं होगी, तब तक यह नहीं हो सकता है। मैं आपको एक छोटी सी कहानी बताऊं। सर, Maurice Zinkin, ब्रिटिश राज के आखिरी फाइनैंस मेम्बर थे, फाइनैंस मिनिस्टर थे। उनकी बीवी, Taya Zinkin थी। 1955 या 1956 में Taya Zinkin हिन्दुस्तान वापस आई as a Special Correspondent of The Manchester, Guardian. वे जवाहरलाल नेहरू के सोशल फ्रेंड्स थे। उस जमाने में ऐसी सिक्युरिटी नहीं होती थी, इसलिए वे जवाहरलाल के घर पर आते-जाते थे। शायद यह 1961 की बात होगी, यह बात उनकी किताब में है। एक दिन Taya Zinkin जवाहरलाल के घर जाती है, वह कोई AICC session से आए थे और Taya ने देखा कि कुछ घबराहट तो नहीं, लेकिन Jawaharlal बहुत थके हुए जरूर लग रहे थे। तो उन्होंने फिर बात छेड़ी और उन्होंने जवाहरलाल से पूछाः "What is your greatest achievement in life?" जवाहरलाल थे, वे आसानी से कह सकते थे, "यह आज़ादी, फ्रीडम मूवमेंट, हमने आज़ादी दी।" नहीं, उन्होंने कहा, "मेरा जो most successful achievement था, वह 'हिन्दू कोड बिल' था।" उसके बाद Taya Zinkin ने एक सवाल पूछा, जिसका जवाब हम आज तक नहीं दे सके। उन्होंने पूछा, "आपने हिन्दू औरतों को तो equality और एकता दे दी है, लेकिन आपने यह मुसलमान औरतों को क्यों नहीं दी?" उस पर जवाहरलाल का जवाब था, उन्होंने कहा, "You know the time was not right." वक्त उस समय सही नहीं था। समझ में आता है, वक्त उस समय सही नहीं था, लेकिन सही वक्त कब आएगा? शाह बानो के जमाने में सही वक्त नहीं था, तो कब आएगा? देखिए, मैं फिर कह रहा हूँ, बहुत दिल से, ज़बान से और यकीन से कहा रहा हूँ कि किसी भी कौम के ऊपर आप कोई भी कानून थोप नहीं सकते, लेकिन बातचीत तो कीजिए। सर, बातचीत तो कीजिए। ...(**व्यवधान**)... आप लोगों से बातचीत तो कीजिए। हमें यह तो नहीं पढ़ना पड़े कि कोई कहीं से कह रहा है कि अगर आप equality देंगे, तो वह इस्लाम के खिलाफ होगा। यह आज के ही अख़बारों में है। मैं यह सुन कर बहुत हैरान हो गया। इस्लाम एक रिवॉल्यूश्नरी मज़हब है। सातवीं सदी में इन्होंने औरतों को जो राइट्स दिए थे, वे कहीं नहीं मिले थे, यह वह इस्लाम है। इस्लाम की पहली मुसलमान एक औरत है, जिनका नाम ख़दीजा है। इस्लाम में औरतें पहले आईं, क्योंकि यहां पर इस्लाम ने उनको राइट्स दिए। इस डिबेट में हर मुसलमान

[Shri M. J. Akbar]

को औरों से आगे होना चाहिए था और देखिए, हम पीछे-पीछे हैं। इसलिए फिर मैं कहता हूँ कि किसी भी चीज को किसी कौम के ऊपर थोपा नहीं जा सकता है, लेकिन ज़बान बंद भी रखना तो कहीं न कहीं एक गलती है।

चौथी बात यह है कि there cannot be anything called 'economic equality'. अगर economic equity भी नहीं होगी, तो आप अपने आप को मॉडर्न नहीं कह सकते हैं। Economic equity का मतलब क्या है? Economic equity का मतलब है कि गरीब समझे कि यह जो rising economic growth है, उसके हिस्सेदार हम भी हैं। देखिए, गरीब बेवकूफ नहीं होता है, वह नहीं समझता है कि मैं झोंपड़ी में पैदा हुआ हूँ और मैं महल में मरूंगा। वह बेवकूफ नहीं है। आपने गरीब को तालीम नहीं दी है, इसका यह मतलब नहीं है कि आज वह बेवकूफ है, लेकिन यह कहना उसका हक है कि अगर मैं दो रोटी खाते हुए पैदा हुआ था, तो मरने के वक्त क्या मेरे नसीब में चार रोटी नहीं होगी? यह हक उसे है या नहीं? अगर छत नहीं थी, तो छत नहीं होगी? बड़े आंकड़े निकलते हैं। 1950 में below the poverty line का परसेंटेज 65 था और आज 30 है। देखिए, अगर आप और हम तीन वक्त का खाना खा चुके हैं और चौथे वक्त का इसलिए नहीं खा रहे हैं, क्योंकि डॉक्टर ने कहा है कि चौथे वक्त का खाओगे तो पेट खराब हो जाएगा, तब तो बड़ा अच्छा लगता है कि हमने 60 से 30 कर दिया। जिसके नसीब में एक भी दिन का खाना नहीं होता है, उससे जाकर पूछिए। वह पूछ रहा है, "तुम्हें 60 से 30 करने में 70 साल लगे, क्या और 70 साल लगेंगे 30 से शून्य करने में?" क्या इसमें और 70 साल लगेंगे, वह यह सवाल पूछ रहा है। अगर सदन इस सवाल का जवाब नहीं देता है, तो भूखा इस सदन को नहीं चलने देगा... हमारे संविधान में लिखा है— poverty alleviation. मैं फख्र के साथ कहता हूँ कि जब मैंने अपने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी के मुँह से सुना कि poverty alleviation का जमाना खत्म हो गया है, poverty elimination का जमाना आ गया है, तो मैं यही समझता हूँ कि इस बात पर तो हम सब एक हो जाएँ! बाकी 30 दिन तो हम अलग रहेंगे, नोक-झोंक होगी, आप कुछ कहेंगे, मैं कुछ कहूँगा, लेकिन हम इस बात पर तो एक हो जाएँ कि poverty elimination ही हमारी तकदीर है और कुछ नहीं है। जब वे यह कहते हैं कि हिन्दू को तय करना पड़ेगा कि वह मुसलमान से लड़ेगा या गरीबी से लड़ेगा और मुसलमान को यह तय करना पड़ेगा कि वह हिन्दू से लड़ेगा या गरीबी से लड़ेगा, तो इसके सिवा कहने को है क्या? देखिए, मैं आपका ज्यादा वक्त नहीं लेना चाहता हूँ। मैं आखिर में सिर्फ एक बात कहना चाहता हूँ। ...(**व्यवधान**)... सदन का वक्त है, बोलने के लिए और मेम्बरान भी हैं। ...(**व्यवधान**)... देखिए, अगर हम अपने आपको एक मॉडर्न नेशन बनाना चाहते हैं, तो सारी पार्टियों से मेरी एक अपील है। आपको एक चीज़ तय करनी पड़ेगी। इलेक्शंस होंगे, हर तीन महीने पर होंगे, हर छः महीने पर होंगे, हर साल होंगे। हमें सदन में यह तय करना पड़ेगा कि हम जो इलेक्शन लड़ रहे हैं, वह पिछले 25 साल का आखिरी इलेक्शन है या अगले 25 साल का पहला इलेक्शन है। मैं कहता हूँ कि जिस दिन दिमाग में इस बात की सफाई हो जाएगी, उस दिन विवाद भी नहीं रहेगा, क्योंकि अगले 25 साल का जो इलेक्शन है, वह गरीबी का इलेक्शन है, वह मजहब का इलेक्शन नहीं है। जो बांटता है, वह उसका इलेक्शन नहीं है, जो जोड़ता है, वह उसका इलेक्शन है। जहां से भी आवाज उठे, यह विवाद खत्म हो। डा. अम्बेडकर की "डिप्रेस्ड क्लासेस" नाम की एक अपनी पार्टी थी। सन् 1950 में उनके नाम पर बॉम्बे में एक बहुत बड़ा जश्न हुआ, क्योंकि तब ड्राफ्टिंग

कमिटी का काम खत्म हो गया था। वहां पर उन्हें gold-edged copy of the draft Constitution दिया गया। तब उन्होंने सिर्फ एक बात कही। उन्होंने अपनी कम्युनिटी से कहा कि मैं जानता हूँ कि तुम किस पीड़ा से निकले हो। खुद उनको अपना दुःख था। मैंने यह कहा, फिर दोबारा कहूँगा कि महाराष्ट्र में उनकी महानता पर तो बहुत से स्मारक बने हैं, कहीं एक स्मारक तो उनके दर्द पर बनाइए। सब कुछ सहकर उन्होंने कहा कि अपनी कम्युनिटी की बात तो जरूर कहो, लेकिन तुम्हारी कम्युनिटी से भी एक चीज़ बड़ी है और वह है तुम्हारा देश। अगर तुम इस बात को याद नहीं रखोगे, तो your independence will be in jeopardy, your freedom will be in jeopardy. आज our freedom is not in jeopardy, but may be our future is in jeopardy. मैं जाते-जाते एक बात और कह दूँ कि इस सवाल का जवाब, हमारे मित्र श्री प्रफुल्ल पटेल ने अभी जिक्र भी किया, यहां का यूथ इस सवाल का जवाब जानता है। उसको चाहिए अगले 25 साल का इलेक्शन, अगले 30 साल की दिशा। अगर हम वह नहीं दे पाएँगे, तो एक बात याद रखिएगा कि यह सब के लिए है, लेकिन यह एक हिस्टोरिकल फैक्ट है। राजीव गांधी जी ने वोटिंग एज को 18 साल कर दिया। तब से सिर्फ वर्ष 2009 के इलेक्शन के सिवा आज तक कोई भी सरकार री-इलेक्ट नहीं हुई है। वर्ष 2019 में यह दूसरी बार होने वाला है, लेकिन वह एक अलग बात है। ...(**व्यवधान**)... मैं पॉलिटिक्स में नहीं जाना चाहता, लेकिन मैं यह सच में कह रहा हूँ कि यहां का यूथ इस सवाल का जवाब जानता है और वह यह चाह रहा है कि आप मुल्क को मॉडर्न बनाइए। यहां का यूथ यह चाह रहा है कि आप मुल्क को मॉडर्न बनाइए। आप मुल्क को विवादों से उठाइए। अभी हमारे लीडर की बैठक हुई। उसमें उन्होंने 377 के बारे में कहा। यही है दिशा। आप, लोगों को 19वीं सदी के पिंजरे में कब तक कैद कर के रखेंगे? वह जमाना गया, भूल जाइए। आगे की तरफ देखिए। देश आगे की तरफ देखता है। चलिए हम भी देश के साथ मिल जाएं। थैंक यू वैरी मच।

प्रो. राम गोपाल यादव (उत्तर प्रदेश): उपसभाध्यक्ष महोदय, अभी यहां श्री एम. जे. अकबर साहब हिन्दी में बोले और इस अत्यन्त महत्वपूर्ण विषय पर हिन्दी में बहुत अच्छा बोले। इसके लिए मैं उन्हें अपनी और अपनी पार्टी की ओर से धन्यवाद देना चाहता हूं।

श्री अश्विनी कुमार (पंजाब): उपसभापति जी, धन्यवाद। आपने मुझे इस ऐतिहासिक चर्चा में भाग लेने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। देश की पार्लियामेंट के सर्वोच्च सदनों में यह चर्चा पिछले दो दिन से चल रही है, सही मायने में यह ऐतिहासिक चर्चा है। यह मैं इसलिए कह रहा हूं कि आज जब हम पूज्य बाबा साहेब अम्बेडकर की 125वीं वर्षगांठ मना रहे हैं, यकीनी तौर पर यह साल हमारे इतिहास के पन्नों में दर्ज होगा। मैं उससे भी अधिक महत्वपूर्ण कार्य इस चर्चा को ऐतिहासिक बनाने का यह समझता हूं कि 65 साल के तज़ुर्बे के बाद, आज देश के लोग, एकजुट होकर, मिलकर हमारे संविधान की मूल मर्यादा के प्रति अपनी वचनबद्धता का इज़हार कर रहे हैं। बाबा साहेब, भीमराव अम्बेडकर, हमारे संविधान के न केवल शिल्पकार थे, बल्कि वे बहुत बड़े समाज सेवक, अर्थशास्त्री, वकील और इतिहासकार थे। उनका ज्ञान, तज़ुर्बा और अध्ययन संविधान के हर पन्ने और हर चप्पे पर अंकित है।

महोदय, हमें यह भी स्वीकार करना होगा कि संविधान की रचना में देश के बहुत से महानुभाव थे। इस संविधान के निर्माण में देश के बहुत लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जैसे पं. जवाहरलाल नेहरू, जिनके objective resolutions के माध्यम से ही हमारे संविधान की प्रस्तावना

[श्री अश्विनी कुमार]

और हमारे प्रिएम्बल की रूपरेखा निकली। डा. सच्चिदानन्द सिन्हा, जो किसी वक्त कांस्टीट्यूएंट असैम्बली के अध्यक्ष रहे, उनका बहुत बड़ा योगदान था। मौलाना अबुल कलाम आज़ाद, सरदार वल्लभ भाई पटेल और बाबू राजेंद्र प्रसाद आदि इन सभी महानुभावों का बहुत बड़ा योगदान था। उन सबकी मिली-जुली कोशिश का यह नतीजा है कि देश को एक ऐसा नैशनल चार्टर, ऐसा संविधान मिला, जिसने देश को एक डोर में बांधने की भूमिका निभाई और हमारे देश को एक ऐसा लोकतंत्र दिया, जिसकी मिसाल सारी दुनिया में कहीं नहीं मिलती।

महोदय, अगर आप मुझ से, संविधान का एक स्टूडेंट होने के नाते, यह पूछें कि हमारे संविधान का सबसे महत्वपूर्ण अंग या पार्ट कौन सा है, तो मैं यह कहूंगा कि संविधान की प्रस्तावना, संविधान का जो प्रिएम्बल है, वह हमारे संविधान की आत्मा है, जहां Liberty, equality, freedom और fraternity की बात हुई। इन चार शब्दों ने हमारे लोकतंत्र को हमारे समाज और हमारी राजनीति को दिशा दी है और देते रहेंगे।

(**उपसभापति महोदय** *पीठासीन हुए*)

सुप्रीम कोर्ट ने अपने कई फैसलों में यह कहा है कि Preamble का हर शब्द संविधान की आत्मा को परिभाषित करता है। मैं जिक्र करना चाहता हूं, उस खास देन का, जो संविधान ने इस देश के लोगों को दी और जिसके कारण हिन्दुस्तान का संविधान वह संविधान है, जिसको दुनिया की बड़ी से बड़ी अदालतों में क्वोट किया जाता है, जिसका उदाहरण दिया जाता है और वह है, Dignity of Man, इंसान का आत्म-सम्मान। संविधान में हर भारतीय को आत्म-सम्मान का वादा किया गया है और वह आत्म-सम्मान देशवालों को कैसे प्राप्त हो, किस माध्यम से प्राप्त हो, उसको Fundamental Rights, मूल अधिकारों के चैप्टर में अंकित किया गया है, जहां हमें बोलने की आज़ादी, अपने विचारों की आज़ादी, अपने धर्म की आज़ादी और हम क्या पेशा अपनाते हैं, उसकी आज़ादी दी गयी है। आज जब हम संविधान की मूल मर्यादाओं पर चर्चा करते हैं, तो सही मायनों में हमें इस बात पर चर्चा करनी होगी कि ये जो मूल अधिकार हमें संविधान ने दिए, क्या आज हम उनको सुरक्षित रख सकते हैं? क्या देश में ऐसा वातावरण है, जिससे हमारे ये मूल अधिकार सुरक्षित रह सकें? जब ये संविधान की दीवारें खड़ी की जा रही थीं, इनकी जो बुनियाद थी, जो प्रखर बुनियाद थी, फौलादी बुनियाद थी, वह उस ख्याल में निहित है, जो ख्याल राष्ट्रकवि अलामा इकबाल ने अपनी कुछ पंक्तियों में हमें सुनाया है। उन्होंने इंसान को सामने रखकर और उसे ईश्वर की सबसे बड़ी रचना कहकर इस देश को यह बताया कि :

"न तू ज़मीं के लिए है न आसमां के लिए,
जहां है तेरे लिए, तू नहीं जहां के लिए।"

हमारा समाज, हमारी दुनिया इंसान के आत्म-सम्मान को बरकरार रखने के लिए कायम है और इंसानी आत्म-सम्मान के बिना हम अपने समाज को कायम नहीं रख सकते हैं। समय-समय पर हम भूल जाते हैं, अपनी मूल मर्यादाओं को, अपने देश की संस्कृति को, अपने समाज को एक रखने वाली भावनाओं को भूल जाते हैं क्योंकि किसी न किसी समय पर देश में राजनीति और सियासत का वर्चस्व जब चलता है तो वोट की जो राजनीति है, वह कहीं न कहीं हमारे पांव उखाड़ देती है। मैं बार-बार यह बात अपने आज जो सत्ता पक्ष में साथी बैठे हैं, उनको कहता हूं

कि आज आप सत्ता में हैं, हम जनादेश को स्वीकार करते हैं, लेकिन यह न भूलिए, कल हम वहां थे, शायद कल आप यहां हों, हम फिर वहां हों, लेकिन देश का जो संविधान है, जो इसकी क़दरें हैं, वे सदियों से बरकरार रही हैं और आगे हमें बरकरार रखनी हैं। जब तक इंसान का रुतबा हम उसके आत्म-सम्मान के माध्यम से कायम नहीं रख सकेंगे, तब तक न हम देश की राजनीति को कायम रख सकेंगे और न अपनी परम्पराओं को कायम रख सकेंगे। उपसभापति जी, मैं इन बातों पर इसलिए ज़ोर दे रहा हूं, क्योंकि कभी-कभी, जैसे अंग्रेज़ी में कहते हैं, self-evident truth को हम भूल जाते हैं, जब उनका जिक्र नहीं करते तो वे जो सच्चाइयां हैं, वे दुर्बल पड़ जाती हैं, वे कमज़ोर पड़ जाती हैं और हल्के-हल्के जब उनकी चर्चा न हो, तो सिद्धांत भी कमज़ोर हो जाते हैं। आज अगर इस डिबेट का कोई औचित्य है या इसका कोई मतलब है या इससे देश को कुछ सीखना है तो केवल यह कि जो हमारे मूल सिद्धांत हैं, उनसे हम कभी दगा न करें, उनसे हम कभी पीछे न हटें। और क्या सिद्धांत हैं— आपसी सौहार्द, धर्मनिरपेक्षता, सबको मान्यता, सबका आदर, इन्हीं के माध्यम से हम देश को इकट्ठा रख सकेंगे और कोई चारा नहीं है। डा. अम्बेडकर ने ठीक कहा था कि संविधानों की गरिमा तभी कायम रह सकती है जब संविधान को चलाने वाले, इस पर पूरा उतरने वाले लोग इतने ऊंचे कद के हों कि वे अपनी आकांक्षाओं को दबाकर संविधान की जो परम्पराएं हैं, उनको कायम रखें। कोई भी समाज, कोई भी संविधान, कोई भी इंस्टिट्यूशन तब तक जोर नहीं पकड़ सकता जब तक कि उसको चलाने और बनाने वाले ऊंचे लोग न हों। बदकिस्मती है कि आज हम महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल, अम्बेडकर साहब को कहां से लाएं? मगर जो हैं, वे इनसे inspiration तो ले सकते हैं। खास तौर पर जब हम देश के उन निर्माताओं को आज याद कर रहे हैं, अगर उनको सच्ची श्रद्धांजलि देनी है, तो उनके बताए हुए आदर्शों को भूलें नहीं, उन पर चलने की सामर्थ्य रखे, मैं समझता हूं कि यही सबसे बड़ी श्रद्धांजलि बाबा साहेब अम्बेडकर को होगी। जर्मनी के एक बहुत बड़े philosopher Goliath हुए हैं। उन्होंने कहा है कि हमें समय-समय पर सच्चाइयों को दोहराते रहना चाहिए और उन बातों को धिक्कारना चाहिए जिनसे हम सहमत नहीं और उन बातों को दोहराते रहना चाहिए जिनके साथ लोगों की सहमति है ताकि लोग उनको भूलें नहीं। बेरिस डैमन एक बहुत बड़े पॉलिटिकल philosopher रहे हैं और उन्होंने एक बहुत अच्छी बात Freedom of expression के संदर्भ में कही। उन्होंने कहा कि "Freedom of expression is everybody's guarantee of honour in everybody else's thoughts." अगर हम किसी को अपनी बात कहने का अधिकार नहीं देंगे और अगर हमसे हटकर कोई बात करता है, तो या तो हम उसका मुंह काला करेंगे या हम उसको कहेंगे कि देश छोड़ दो, तो फिर जिस समाज की परिकल्पना, जिस भारत के भविष्य की परिकल्पना भीमराव अम्बेडकर जी ने की थी, वह भारत तो कम से कम हमको नहीं मिलेगा! आज यह संवेदनशीन मुद्दा है। मुझे खुशी है कि सभी पार्टियों के हमारे प्रतिष्ठित नुमाइंदों ने आज कम से कम इस बात पर तो एकता जाहिर की कि संविधान की दीवारों को पुख्ता करने के लिए इसकी मूल क़दरों की भावना का आदर करना होगा।

मैं संविधान के प्रति अपनी वचनबद्धता प्रकट करते हुए एक बात जरूर कहना चाहता हूं कि कोई भी संविधान सदा-सदा के लिए पर्याप्त नहीं होता है। उसकी विचारधारा, जो बुनियादी विचारधारा है, वह जरूर पर्याप्त होती है, परन्तु समय-समय पर लोगों की आकांक्षाओं और अभिलाषाओं को पूरा करने के लिए कभी-कभी संविधानों में संशोधनों की जरूरत होती है और तभी हमारे संविधान में सौ संशोधन हुए हैं। कोई यह नहीं कह सकता कि वे संशोधन गलत हैं- चाहे

[श्री अश्विनी कुमार]

हमारे दलित भाइयों को शक्ति देने की बात हो, federalism के ऊपर नई विचारधारा की बात हो, cooperative movement को सशक्त करने की बात हो, हमारी बहनों को पॉलिटिकल शक्ति देने की बात हो और Directive Principles of State policy, जो हमारे समाज की बुनियाद हैं, जिस पर बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर ने कहा था कि Political democracy can only be premised on a strong foundation of a social democracy, चाहे उसकी बात हो, हमने समय-समय पर संविधान में संशोधन किए और ठीक किए। अगर आगे भी संशोधन करने की जरूरत पड़ेगी, तो संशोधन करने होंगे क्योंकि लोगों के लिए संविधान बनते हैं, लोग संविधान के लिए नहीं बनते हैं। साथ ही इस बात को भी सुनिश्चित करना होगा कि हम हर नाज़ुक घड़ी पर संविधान में संशोधन न करें क्योंकि हमें राजनीतिक अभिलाषाओं की पूर्ति करनी है इसलिए संविधान में संशोधन करो, तो यह गलत होगा। संविधान की एक sanctity होती है, उसकी एक मर्यादा होती है, जो बार-बार के संशोधनों से उलझ जाती है। हमको उसे बचाकर रखना है। किसी ने कहा है कि A living Constitution can never be a static Constitution. यह ठीक कहा है। अमेरिका के एक बहुत बड़े जज Cardozo हुए हैं, जिन्होंने कहा है, "The great generalities of the Constitution have a content and meaning that vary from age to age." और इसीलिए अनुच्छेद 378 के माध्यम से बाबा साहेब अम्बेडकर ने संविधान में power of amendment of the Constitution निहित की है। वे जानते थे कि एक समय आएगा, जब देशवासी अपनी अभिलाषाओं के मुताबिक एक नया मतलब अगर हमारे संविधान को देना चाहेंगे तो दे सकेंगे। इसीलिए 65 साल के बाद और 65 साल ही क्या अगले सौ साल के बाद भी यह संविधान चलेगा क्योंकि हम सब ने मिलकर इस की नींव को मजबूत बनाए रखने का संकल्प किया है।

उपसभापति जी, आज 42वें संशोधन को लेकर नेता सदन ने यह बताने की कोशिश की कि socialist और secular शब्द पहले संविधान में नहीं थे। वे भली-भाति जानते हैं कि उस वक्त भी बाबा साहेब अम्बेडकर ने कहा था कि जहां तक secularism का सवाल है, वह तो हमारे outlook का एक salient immaculate panacea है। He said, secularism is a silent immaculate premise of our outlook and need not necessarily be spelt out, and Pandit Nehru agreed with it because the Constitution was a product of the history of this country. It was a product of what happened in Partition and the nation knew that if this country has to stand together, it can only stand on the basis of total and sovereign loyalty and commitment to secularism as understood in the sense of 'Sarva Dharma Sambhava'. उस वक्त हमें लाखों मुसलमानों को आश्वस्त करना था कि भारत देश उनका देश है। यहां उनके मूल्यों की कद्र होगी, उनकी identity को preserve किया जाएगा और आज भी हम वह वायदा निभा रहे हैं। Therefore, when we talk of national charters of a nation as the Constitution of India, we talk of the history of the country, we talk of the need to continue the continuity of our history and the history of this country cannot be divorced from an unequivocal and unswerving commitment to the secular credentials of our nation building.

महोदय, जैसे कहा गया है कि इस देश का एहसास धर्म-निरपेक्ष है। आज हिंदू, मुसलमान का नाखून और मांस का रिश्ता है। अब इसे कोई जुदा नहीं कर सकता। हमारा रोटी-बेटी का

रिश्ता है, हम इसे जुदा नहीं कर सकते, इसलिए आज उस पर चर्चा करना ही गलत है। हमने तो theocratic State नहीं बनाया। पाकिस्तान धर्म के नाम पर बना, लेकिन हिंदुस्तान तो धर्म के नाम पर नहीं बना। मुझे दुख इस बात का है कि 65 साल के बाद भी इतनी बड़ी तादाद में, इतना शिक्षित होने के बाद भी, आज देश में secularism के ऊपर डिबेट हो रही है। कोई इसे पंथ-निरपेक्ष कह रहा है और किसी ने secularism शब्द पर बहस शुरू कर दी। पंथ-निरपेक्ष तो एक larger concept है, मगर secularism तो अपनी जगह खड़ा है। उसे dilute करने की कोशिश गलत है, वह anti national है। उपसभापति जी, मैं आपसे बहुत ही विनम्र तरीके से निवेदन करना चाहता हूं कि हमने इमारत तो बुलंद खड़ी कर दी, पर इस इमारत को शक्तिशाली बनाए रखने की हमारी जिम्मेदारी खत्म नहीं हुई है।

आज असहिष्णुता की बात क्यों आ रही है? वह इसलिए आ रही है क्योंकि देश के संविधान में जिन मूल मर्यादाओं को निहित किया गया है, उन्हें चुनौती है। क्या पनसारे, डाभोलकर, कलबुर्गी और दादरी में जो निर्मम हत्याएं हुईं, क्या इनसे किसी का सिर ऊंचा उठ सकता है? आप आमिर खान को कहते हैं कि देश छोड़ना चाहो, तो छोड़ जाओ। क्या ये बातें कहने लायक हैं? महोदय, आज वेंकैया नायडु जी ने अपने भाषण में consensus की बात की। मैं सत्ता पक्ष में बैठे अपने भाइयों से पूछना चाहता हूं कि क्या consensus चुभन देने से बनेगा? हर आत्मा को चुभाते रहो, जख्म में नमक छिड़कते रहो, क्या हमें यह बात शोभा देती है? क्या आज हम यह कहें कि "हमारा इश्क, इश्क है, तुम्हारा इश्क गुनाह?" ये बातें ठीक नहीं हैं और अगर एक आदमी दूसरी बात कहता भी है, जो आपको मंजूर नहीं है, तो कम-से-कम उसे अपनी बात रखने का अधिकार तो दो। उसको जो अधिकार संविधान ने दिया है, आज आप उसको कैसे छीन सकते हैं? रवि शंकर जी,

"तुम्हीं न सुन सके अगर, किस्सा-ए-गम सुनेगा कौन
किसकी जुबां खुलेगी फिर, हम न अगर सुना सके" ।

श्री रवि शंकर प्रसाद : हमने तो आपको कुछ भी करने से नहीं रोका है, साहब।

श्री अश्विनी कुमार : रवि शंकर जी, बात इन्सा न के आत्मसम्मान की है। आपने इश्क की बात कर ली।

"जब इश्क सिखाता है आदाबे खुद अगाही
खुलते हैं गुलामों पर भी इसरारे शहनशाही"

जब इन्सांन अपनी इज्जत करना आप जाने तब जो गुलाम है, वह भी अपने आपको बादशाह मानता है। रवि शंकर जी, कम से कम देशवासियों से वह अधिकार मत छीनो, इतिहास आपको कभी माफ नहीं करेगा। देखिए, मैं यह नहीं कहता कि उस तरफ के सब लोग एक से हो सकते हैं, लेकिन यह बात सच है। प्रधान मंत्री जी ने लोक सभा में बहुत बड़ा भाषण दिया और हमने उसको सुना है। उन्होंने अच्छी बातें कहीं हैं। उन्होंने idea of India की बात कही है, मगर करनी और कथनी में फर्क नहीं होना चाहिए।

"कसमे वादे प्यार वफ़ा सब बातें हैं बातों का क्या
कोई किसी का नहीं ये झूठे नाते हैं नातों का क्या"

[श्री अश्विनी कुमार]

बात यह है कि आज देश के लोग यह जान चुके हैं कि अब बातों से पेट भरने का समय नहीं है। जैसे किसी ने कहा है,

"तू इधर उधर की न बात कर, यह बता कि काफिले क्यों लुटे।
मुझे राहज़नों से गर्ज़ नहीं, तेरी रहबरी का सवाल है।"

आज सवाल राजनीतिक मर्यादाओं का है। प्रधान मंत्री जी, आपने जो बातें की हैं, आप उन बातों पर पूरा उतरें, यही हमारी दिल से प्रार्थना है। इस देश का हरेक सिख, हरेक मुसलमान, हरेक जैनी और हरेक हिन्दू देश पर न्यौछावर होने के लिए तैयार है, लेकिन आप उसको देश की परिकल्पना में, देश बनाने में पूरी भागीदारी दीजिए और उसके सम्मान को बरकरार रखिए। आज अगर इस डिबेट पर कोई main चर्चा होनी थी, तो वह यही चर्चा होनी है।

मैं दो बातें और कहना चाहूंगा। सबसे पहले ये बातें मेरे मित्र, नेता सदन, अरुण जी ने कही हैं। मैं समझता हूं कि ये बातें उनके स्वभाव के विपरीत हैं, लेकिन उन्होंने कही हैं, शायद उनकी कोई राजनीतिक मजबूरी होगी। उन्होंने कहा है कि ये जो सवाल उठाए जा रहे हैं, ये Manufactured Consent हैं, orchestrated opposition हैं. मैं उनको इतिहास की याद दिलाना चाहता हूं। जब जलियांवाला बाग का massacre हुआ था, तो गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर और महात्मा गांधी ने अपने पुरस्कार वापस कर दिए थे। आज जब नयनतारा सहगल जैसे लोगों को तथा अन्य लोगों को जिन्हें हमने राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा है, जब वे मजबूर हो गए और अपने दुख को सीमित नहीं रख सके, उन्होंने राष्ट्रपति जी को अपने सम्मान वापस किए, तो बराए मेहरबानी आप उनके जख्मों पर मरहम लगाइए और उनको Manufactured Consent मत कहिये। खास तौर पर यह सत्ता पक्ष को शोभा नहीं देता है। आज मुझे बहुत खुशी है कि मुझे वे शब्द मिले हैं, क्योंकि उससे बेहतर मैं अपनी बात नहीं रख सकता था। गोपालकृष्ण गांधी और प्रताप भानु मेहता ने एक बात कही थी। मैं उनकी चंद पंक्तियां आपके सामने रखना चाहता हूं और उनको quote करना चाहता हूं। गोपालकृष्ण गांधी ने अपनी बात कही, जब उन्होंने यह देखा कि हम किस तरह Manufactured consent की बात कर रहे हैं। मैं इस सदन के सामने पहले प्रताप भानु मेहता की चार पंक्तियां पढ़ना चाहता हूं। A frontal assault on the liberal ethos of India, which the nation has witnessed, will be etched in the memory of the nation for centuries to come. An assault of a kind unprecedented in the annals of free India has invited, and justly so, the reaction that it has invited from the iconoclasts and from the conscience keepers of the nation. The artists, the historians, the writers, the intellectuals, the professors, the scientists in unison have said that this is a frontal assault on the social fabric of the country and the conscience and soul of India. It is an assault on the heart of India's democracy. This is what he said. सुनिए, प्रताप भानु मेहता ने क्या कहा। उन्होंने कहा, "The argumentative Indian is being replaced by the offended Indian, the tolerant Indian by the intolerant mob, the reflective citizen by the hurt communal mobiliser, the courageous Indian by the cowardly thug who needs the state to protect it against every argument, the pious Indian by the ultimate blasphemer who thinks he needs to protect the gods rather than the gods being there to protect

him. Whether this is a tiny minority or represents the majority is beside the point. The point is that the assault on free expression is winning." यह कहा उन लोगों ने, जिनका दलगत राजनीति से कोई सरोकार नहीं है। क्या इनकी आवाज नहीं सुनेंगे? गोपालकृष्ण गांधी— क्या उनकी आवाज नहीं सुनेंगे? उन्होंने कहा, Instead of empathy, instead of solace for the bereaved and instead of solidarity for those injured, they had nothing but insults to gather. And he talked of the gathering interrogation. यह एक इंकलाब है। रवि शंकर जी, यह manufactured dissent नहीं है, इंकलाब है। इसकी आँधी की ताकत आज आप नहीं पहचान पा रहे हैं। यह आपकी सत्ता की जड़ों को उखाड़ फेंकेगा, यह हमारा विश्वास है। मगर सत्ता से कब किसको जाना है, यह देश के लोग तय करेंगे, पर संविधान की जड़ें कमजोर मत करिए, संविधान की नींव को कमजोर मत करिए, नहीं तो आने वाला इतिहास आपको माफ नहीं करेगा। हमने बहुत बड़ा संविधान बनाया, पुख्ता संविधान बनाया। इसके मुताल्लिक मैं जोसेफ स्टोरी की बात कहना चाहता हूँ। आप जानते हैं कि वे अमेरिका के बहुत बड़े ज्यूरिस्ट हुए। हमारे सुप्रीम कोर्ट के फैसलों में उनकी व्यापक चर्चा होती है। उन्होंने 2-3 बातें अपने संविधान के बारे में कहीं, पर जिसको क्वोट किया डा. सच्चिदानन्द सिन्हा ने। कास्टिच्युएंट असेम्बली डिबेट्स में डा. सच्चिदानन्दी सिन्हा ने जोसेफ स्टोरी को क्वोट करके कहा।

DR. MAHENDRA PRASAD (Bihar): I am thankful to you for mentioning Shri Sachindanand Sinha.

SHRI ASHWANI KUMAR: Thank you, Sir. उन्होंने उनके शब्दों का इस्तेमाल करके हमारे संविधान के लिए यह कहा और उपसभापति जी, मैं यह आपकी नज़र करता हूँ। I offer this to you. He said about the Constitution. "The structure has been erected by architects of consummate skill and fidelity; its foundations are solid; its compartments are beautiful as well as useful; its arrangements are full of wisdom and order; and its defences are impregnable from without. It may nevertheless perish in an hour by the folly, or corruption, or negligence of its only keepers, THE PEOPLE." And we today here represent the people. "Republics are created by the virtue, public spirit and intelligence of the citizens." He was citing Plato and Socrates. "They fall when the wise are banished from the public councils because they dare to be honest, and the profligate are rewarded because they flatter the people in order to betray them."

"...They fall when wise are banished from public councils because they dare to be honest and the profligate are rewarded because they flatter the people in order to betray them." इससे बड़ी बात जो संविधान की चर्चाओं में की गई, मैं समझता हूँ कि नहीं की जा सकती थी। उन्होंने देशवासियों के सामने एक आईना खींच कर रखा कि जो इमारत आज हम तुमको विरासत में दे रहे हैं, उसको बनाकर रखना। 'हम लाए हैं तूफां से किश्ती निकाल के, इस देश को रखना मेरे बच्चों संभाल के'। यह वह परिकल्पना थी, यह वह ख्याल था और यह ख्याल अगर हमें राजनैतिक तौर पर दूर ले जाता है, तो हमें ख्याल को नहीं छोड़ना है, हमें उस राजनीति को तजना है, जो हमें हमारी मूल भावनाओं से दूर रखती है।

[श्री अश्विनी कुमार]

4.00 P.M.

उपसभापति जी, मैं दो बातें और कहकर अपनी बात को विराम दूंगा। मेरा यह मानना है कि डा. भीमराव अम्बेडकर ने एक और बात, जो सबसे बड़ी कही थी, वह यह थी कि जब संवैधानिक रास्ते सामने हों, तो असंवैधानिक हथियारों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। उन्होंने यह कहा था— "That resort to unconstitutional means is the grammar of anarchy." और इस स्पीच को grammar of anarchy स्पीच कहा गया था, जो नवंबर, 1949 को उन्होंने कांस्टीट्युएंट असेम्बली में दी थी। जब जंतर-मंतर पर पेड़ के नीचे संविधान बनाए जा रहे थे, उस वक्त हमने कहा था कि यह देश anarchy की ओर जा रहा है। आज दूसरी तरह की anarchy, रवि शंकर जी, आपके ज़ेरे-साय उभर रही है, जिसको मैं creeping encroachment on fundamental freedoms बोलता हूँ, both brazen and creeping. आप इस तरह की बातें करके देश में ऐसा वातावरण पैदा कर रहे हैं कि किसी को अपना पक्ष रखने की हिम्मत न हो। सुधींद्र कुलकर्णी, आपकी विचारधारा से जुड़े हैं। पाकिस्तान के जो विदेश मंत्री रहे हैं, उनकी हाजिरी में मुंबई में उनका मुंह काला हो, यह शर्मनाक बात है। प्रधान मंत्री जी शर्म से डूबने की बात करते हैं। मैं कहता हूँ कि हां, शर्म से डूबने की बात है, जो आपकी सरकार के ज़ेरे-साय पाकिस्तान के एक भूतपूर्व विदेश मंत्री की मौजूदगी में आपके एक नागरिक का मुंह काला हो। बहुत गलत बात है।

श्री रवि शंकर प्रसादः महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने कंडम किया है।

श्री अश्विनी कुमारः I am finishing. I am not yielding. I am finishing. इसलिए हम यह कहना चाहते हैं कि आज जिस तरह के प्रहार प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष देश के संविधान पर हो रहे हैं, उनको रोकने के लिए आज यह सारा सदन वचनबद्ध तो है ही, मगर एक ऐसा रेजुलेशन आए, जिससे यह सुनिश्चित किया जाए कि जब किसी के मूल अधिकारों पर चोट लगती है तो उसे कचहरी का दरवाजा न खटखटाना पड़े। कितने लोग कचहरियों का दरवाजा खटखटा सकते हैं? कोई इन-बिल्ट मैकेनिज्म हो, ऐसा मैकेनिज्म हो, जो संविधान की परंपराओं को बरकरार रख सके। यह आज एक नई बात है और मैं यह सोच-समझ कर कह रहा हूँ।

सर, एक बात कहकर मैं अपनी बात खत्म करूंगा। यह जो एनजेएसी का फैसला है। समस्त सदन का एकमत था कि जजों की नियुक्ति की जो प्रक्रिया है, उसमें दुनिया में कहीं जज अपने आप की नियुक्ति नहीं करते। मैं पक्षधर हूँ। हम यह कानून लाए थे। आपने उसको आगे बढ़ाया, आपने उसको tweak किया, वीटो की पावर दी, वह जुदा बात है। उससे हमारा समर्थन नहीं है, मगर क्या करे? संविधान की परिभाषा कौन करता है? संविधान को आखिर में इंटरप्रेट कौन करता है? संविधान की रूह से ही सुप्रीम कोर्ट को अधिकार है। यह बात पक्की है और मैं उस बात को दोहराता हूँ कि संविधान के संशोधन का अधिकार सिर्फ पार्लियामेंट के दोनों सदनों को है, और किसी को नहीं है। जब उस अधिकार का इस्तेमाल होता है और अगर हमें संवैधानिक बेलेन्स को बनाकर रखना है, तो हमारे राष्ट्र के जो दूसरे अंग हैं, उन्हें यह समझना होगा कि बेसिक स्ट्रक्चर जो है, वह जुडिशियल इंडिपेंडेंस तो है ही, वह तो हम मानते हैं, अगर हमने संवैधानिक बैलेंस को बनाकर रखना है, तो हमारे राष्ट्र के जो दूसरे अंग हैं, हमें उनको भी समझना होगा। हमें यह समझना होगा कि बेसिक स्ट्रक्चर जो है, वह ज्यूडीशियल इंडिपेंडेंस तो है ही, इसे तो हम मानते हैं, मगर संविधान में यह तो कहीं नहीं लिखा कि जजों की नियुक्ति की प्रक्रिया बेसिक

स्ट्रक्चर है। प्रक्रिया ही बदली गई थी, कुछ और तो नहीं बदला गया था।

महोदय, आज हम बाबा साहेब भीमराव अम्बेडर जी के बनाए हुए इस फौलादी संविधान के प्रति वचनबद्धता प्रकट करते हैं और उनकी याद में अपना शीश नमन करते हैं। प्रो. राम गोपाल जी ने भी यह बात रखी, मैं उनकी बात से सहमत हूं कि हमको बेसिक स्ट्रक्चर की एक परम्परा नहीं, एक अंग नहीं, बल्कि बेसिक स्ट्रक्चर के जो सारे अंग हैं, उनको बनाकर रखना पड़ेगा। बेसिक स्ट्रक्चर का सबसे प्राचीनतम अंग है, Parliamentary democracy, political democracy, relevance of political parties, the concept of accountability of the Executive to Parliament. मैं यहां separation of powers की बात कर रहा हूं, उसके बाद एक मिनट में अपनी बात खत्म कर दूंगा। संविधान में जब हमने separation of powers के concept को introduce किया था ...(**समय की घंटी**)... उस समय अम्बेडकर साहेब ने अमरीकी संविधान का अध्ययन किया, Irish Free State के संविधान का अध्ययन किया, UK के संविधान का अध्ययन किया, फ्रांस की स्थिति का अध्ययन किया, लेकिन हमने जो separation of powers को introduce किया, उसका केवल एक ही मतलब था, diffusion of sovereign power. Diffusion of sovereign power का मतलब था कि स्टेट के किसी एक इंस्टीट्यूशन में सारी ताकत निहित न हो जाए, ताकि checks and balances रहें। अगर वे checks and balances संविधान के किसी एक इंस्टीट्यूशन के एक अंग की ओर lean करने लगेंगे, तो Constitutional balance निश्चित तौर पर बिखर जाएगा, हमको इसकी ओर ध्यान देना है। देश में क्या वातावरण था, उसका भी जजों पर असर रहता है। बहरहाल, जहां तक संविधान की परम्पराओं को बनाए रखने की बात है, उन पर सारा सदन एक है।

अपनी बात खत्म करते हुए, अंत में मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि लीडरशिप का रोल क्या है? संविधान को बनाकर रखने की बात, जो डा. भीमराव अम्बेडकर जी ने हमसे कही, वह यह थी कि अंततः डेमोक्रेसी में जो लीडरशिप है, जिन पर देश को चलाने की जिम्मेदारी है, दिशाएं देने की जिम्मेदारी है, वह लीडरशिप के क़द पर निर्भर करती है।

निगह बुलंद, सुख़न, दिल नवाज़, जां पुरजोर ।
यही है रख्त-ए-सफ़र मीर कारवां के लिए ॥

निगह बुलन्द-यानी दूरंदेशी, सुख़न-यानी मीठापन, दिल नवाज़-यानी लोगों के दिलों को जीतने की ताक़त, जां पुरजोर-यानी dynamism, यही attributes of true leader हैं, लेकिन क्या आज है वह लीडरशिप? आज देश के लोग यह जानना चाहते हैं, मोदी साहेब, अगर आपने देश को सही मायनों में दिशा देनी है, तो संविधान की मर्यादाओं की क़द्र करके दीजिए। इतनी बात कह कर मैं आपका धन्यवाद करता हूं।

SHRI BHUPINDER SINGH (Odisha): Mr. Deputy Chairman, Sir, I thank you. First of all, मैं अपनी ओर से एवं हमारी मुख्य पार्टी की ओर से उस महान सपूत को, जो इस भारतवर्ष की भूमि में पैदा हुए, जिनको एक इतना अच्छा संविधान बनाने का दायित्व दिया गया, डा. भीमराव अम्बेडकर जी को उनकी 125वीं जन्म वर्ष पर, अपनी श्रद्धांजलि देता हूं।

डिप्टी चेयरमैन सर, मैं आपके माध्यम से, इस महान पार्लियामेंट में आज अपनी बात रख रहा हूं। आज हमारे देशवासी हमसे बहुत उम्मीद कर रहे हैं। जिस भारतवर्ष में आज हम रह रहे

[Shri Bhupinder Singh]

हैं, वह भारतवर्ष एक नौजवान देश है। पूरे विश्व में सबसे बड़ा नौजवान देश भारत ही है, जो चाइना से भी बड़ा है। आज हमारे यहां 55% से भी ज्यादा नौजवान मौजूद हैं। वह हमसे कुछ उम्मीद करता है। लोग बाहर से, विदेशों से भारत में आते हैं। वे खोजते हैं कि भारत कहां है, लेकिन वह उनको नहीं मिलता है। वे गुजरात जाते हैं, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और बंगाल जाते हैं, लेकिन उनको कहीं भी भारत नहीं दिखता है। उन्हें वहां एक-एक प्रांत दिखता है और एक-एक भाषा दिखती है। इसलिए मैं आज आपके माध्यम से प्रधान मंत्री जी को और इस सरकार को एक मैसेज देना चाहूँगा कि हमारी शिक्षा व्यवस्था में, एजुकेशन सिलेबस में इस बात को एक ओथ टेकिंग के हिसाब से प्रत्येक छात्र को यह कहना पड़े जैसा मैं अपना परिचय यहां देता हूँ कि मुझे फख्र है कि मैं भारत मां की गोद में पैदा हुआ, मैं भारत देश में पैदा हुआ, यह मेरा प्रथम परिचय है। मेरा द्वितीय परिचय यह है कि मैं उत्कल/ओडिशा में पैदा हुआ हूँ। मेरा तीसरा परिचय यह है कि मेरी जन्मभूमि कालाहांडी, भवानीपटना शहर है, जहां मैं पैदा हुआ हूँ। मेरा चौथा परिचय यह है कि मेरा नाम भूपिंदर सिंह है और मैं बीजेडी से यहां ओडिशा को रिप्रिजेंट करता हूँ। यह शिक्षा आज हमारे हिन्दुस्तान के हर बच्चे को दी जाये। आज हम इस देश में जो गलत देख रहे हैं, तो जिस धरती मां ने कभी भी विचार नहीं किया कि कौन किस जाति का है, कौन किस धर्म का है या कौन किस मिट्टी का है, उस मिट्टी ने, हमारे महापुरुषों ने, हमारे संत महात्माओं ने और ऋषियों ने हमें जो विरासत दी, उसमें सबसे बड़ा अगर कोई है, तो वह मानव है, सबसे बड़ा अगर कोई है, तो वह इंसान है और सबसे बड़ा कुछ है, तो वह इंसानियत है। अगर किसी ने दुनिया को इंसानियत की कुछ बातें बांटी, तो मुझे आज यहां कहने में फख्र है कि वह मेरे देश ने, हमारे देश ने, मेरी धरती ने, मेरी मां भारती ने उसको दुनिया के सामने रखा। हमें महात्मा जैसे नेता मिले, जब दलितों को कोई पास आने नहीं देता था, तब यहां दलितों के लिए बात करने वाले अम्बेडकर जैसे नेता मिले और इस देश में हमें पंडित जवाहर लाल नेहरु जैसे प्रधान मंत्री मिले। जो विरासत हम लेकर आये

[**उपसभाध्यक्ष (श्री तिरुची शिवा)** *पीठासीन हुए*]

हैं, जो आज तक इस देश ने किया है, कम से कम उसको आज हम स्वीकार करें। आज यह वक्त आया है कि पार्टियों से ऊपर उठ कर हम इसके ऊपर चर्चा करें, विचार करें कि हमारे देश में क्या था, जब हमें आज़ादी नहीं मिली थी, हमारे पास क्या था कि यहां एक बटन भी तैयार नहीं हो पाता था, यहां हमारे पास खाने के लिए अनाज नहीं था, हमारी शिक्षा कहां थी, हमारा समाज कहां था, हमारी आर्थिक व्यवस्था कहां थी, हमारे किसानों का क्या हाल था, हमारी खेती कहां थी और हमारे स्कूलों की क्या व्यवस्था थी? हमें जो पिछले 67-68 सालों में मिला है, कम से कम उसकी तो हम चर्चा जरूर करें। जिन महापुरुषों ने उसके लिए कुछ किया है, जिन्होंने अपना जीवन दान दिया है, उनके लिए तो कुछ दो बातें आज कहें।

सर, आप मुझे एक मिसाल बताइए। मैं यहां कन्फेस करना चाहता हूँ, मैं स्वीकार करना चाहता हूँ कि मैं एक सम्पूर्ण भारतीय हूँ और मैं धर्मनिरपेक्षता में विश्वास करता हूँ। सबसे बढ़कर, अगर मेरा कोई रिलीजन है, तो वह मेरी मां भारतवर्ष है, सबसे बड़ा कोई मेरा रिलीजन है, तो वह संविधान है, वह किताब है, जो आप लोगों ने मुझे दी है। यह कांस्टीट्यूशन है। मुझे खुशी है कि प्रधान मंत्री जी भी इस बात के ऊपर चर्चा करते हैं कि my religion is my Constitution

